दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | मध्यप्रदेश 4 | अभिव्यक्ति 7 | कारोबार/खेल

RNI NO - MPHIN/2020 /81503 जबलपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026 , कृष्ण पक्ष पंचमी , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -5 अंक - 212 पृष्ठ -08 मूल्य-4 रूपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बड़े नेताओं के प्रति उनके समर्थक कार्यकर्ताओं का निष्ठावान रहना बहुत ही अच्छी बात है। बेशक ऐसे अंधभक्त प्रभुजी तुम चंदन हम पानी.. गाकर अपने आकाओं का स्तुति गान करें लेकिन ऐसा भी क्या कि जोश में होश खोकर चाटुकारिता की सीमा ही लांघ जाएं। ऐसा कर वे खुद हास्य का पात्र बनते हैं और पार्टी की भी छीछालेदर कराते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेमंत रेड्डी ने कहा है कि गांधी परिवार को जरुरत पड़ी तो वे एक हजार करोड़ रुपये जुटाकर दे सकते हैं। ऐसे में कोई उन्हें हाई कमान का एटीएम कहेगा तो बुरा मान जाएंगे।

उमंग और सामाजिक स्नेह का जीवंत महोत्सव है भगोरिया पर्व : सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ के स्थानीय भगोरिया पर्व में हुए शामिल

पारंपरिक वेषभूषा, आभूषण और मांदल की थाप में रचा-बसा भगोरिया उत्सव

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फाल्गुन मास के रंगों, मांदल की थाप और जीवन-प्रेम की उमंग से सराबोर भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, सामाजिक स्नेह और परंपरागत जीवन मूल्यों का जीवंत उत्सव है। इसको प्रत्यक्ष रूप से भगोरिया पर्व में शामिल होकर जिया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर के उदयगढ़ भगोरिया पर्व स्थल पर पारंपरिक लोकधुनों, नृत्य और उल्लासपूर्ण वातावरण ने सम्पूर्ण क्षेत्र को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विरासत को विकास की राह पर ले जाने के संकल्प के साथ इस उल्लासमय पर्व को गरिमा और भव्यता के साथ मनाया गया। यह आयोजन जनजातीय संस्कृति की सशक्त पहचान और राज्य सरकार की संवेदनशील सोच को प्रतिबिंबित करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय समाज एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा

पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री जनजातीय संस्कृति के प्रतीक तीर कमान भेंट किया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। मंत्री श्री द्वारा मंच से सभी को राष्ट्रीय पर्व भगोरिया की शुभकामनाएं दी। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह ने कहा कि आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में आयोजित स्थानीय भगोरिया पर्व में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सहभागिता से उत्सव का उल्लास और अधिक बढ़ गया। भगोरिया उत्सव में जनजातीय युवक-युवतियां रंग-बिरंगी पारंपरिक वेषभूषा में सजे-धजे दिखाई दिए। पुरुष वर्ग पारंपरिक धोती, अंगोछा एवं साफा धारण किए हुए थे, जबकि महिलाएं कांचली, घाघरा, ओढ़नी तथा पारंपरिक कढ़ाईयुक्त परिधानों में सुसज्जित रहीं। चांदी के हार, हांसली, कड़े, पायल, बिछिया एवं अन्य पारंपरिक आभूषणों की झंकार ने पर्व को भव्यता प्रदान की। मांदल, ढोल एवं अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर कुर्ता कुर्राटियों के साथ लोकनृत्य करते जनजातीय समाज, सामूहिक उल्लास और आपसी मेल-जोल ने भगोरिया के माहौल को जीवंत एवं स्मरणीय बना दिया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, पूर्व विधायक श्री माधोसिंह डावर, विशाल रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, संभागायुक्त इंदौर डॉ सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक अधिकारीगण, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग उपस्थित रहे। सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्सव, उल्लास और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण व्याप्त रहा।

सीएम यादव ने वन विभाग के विजन डाक्यूमेंट का किया विमोचन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन विभाग द्वारा प्रकाशित ÷विजन 2047- रीइमैजिनिग फॉरेस्ट रिसोर्सेस फॉर ए क्लाइमेट रेसिलियंट फ्यूचर÷ पुस्तक का मुख्यमंत्री निवास में विमोचन किया। विजन@2047÷ राज्य में जैव विविधता समृद्ध, सामुदायिक सहभागिता आधारित वन प्रबंधन की दीर्घकालिक रूपरेखा प्रस्तुत करता है। प्रमुख सचिव वन श्री संदीप यादव ने बताया कि प्रदेश के वनों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु-सहिष्णु तथा जैव-विविधता से समृद्ध आदर्श वनों के रूप में स्थापित करना विजनञ्च2047 का लक्ष्य है। दृष्टि पत्र में वनों के संरक्षण और प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। दृष्टि पत्र में स्पष्ट किया गया है कि आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम, समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में प्रदेश के वनों का संरक्षण किया जाएगा। दृष्टि पत्र में प्रदेश के वन क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। उन्होंने बताया कि वन विभाग का यह दृष्टि पत्र भारत के पर्यावरणीय तथा विकास लक्ष्यों में निर्णायक योगदान देगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही एन अम्बाड़े, प्रबंध संचालक राज्य वन विकास निगम श्री एच यू ख़ान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं विस्तार) श्री विभाष कुमार ठाकुर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री शुभरंजन सेन, प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्रीमती समीता राजौरा तथा संचालक वन विहार श्री विजय कुमार इस अवसर पर उपस्थित थे।

स्वतंत्रता संग्राम में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का सदैव किया जाएगा स्मरण : सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की 95वीं पुण्य तिथि पर किया नमन

आज़ाद कुटिया पहुँचकर अमर शहीद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

भोपाल/नवप्रदेश। अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की 95वीं पुण्य तिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उनकी जन्मस्थली चंद्रशेखर आज़ाद नगर स्थित ऐतिहासिक आज़ाद कुटिया पहुँचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनीता चौहान, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, आईजी श्री अनुराग, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजाद कुटिया में क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने आज़ाद कुटिया परिसर में ही स्थापित संग्रहालय का भी अवलोकन किया, जहां उनके जीवन, संघर्ष और क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े दस्तावेज, चित्र और स्मृति चिह्न संजोए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की शहादत पर स्मरण कर कहा कि भारत के सभी क्रांतिकारी नायकों का स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। शहीद चंद्रशेखर आज़ाद जैसे वीर क्रांतिकारी ने अनेक कठिनाइयों के बावजूद अपने अदम्य साहस और त्याग से तत्कालीन समय में स्वतंत्रता की अलख को रौशन रखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदिवासी अंचलों के नायकों के संघर्ष को भी याद किया और कहा कि उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध कर स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय नायक शहीद छीतू किराड़ के बलिदान को भी नमन करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया।

आलीराजपुर जिले में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर आज़ाद का प्रारंभिक जीवन तत्कालीन भाबरा वर्तमान चन्द्रशेखर आजाद नगर की पावन भूमि पर बीता। बचपन में उन्होंने भील बालकों के साथ रहकर धनुष-बाण चलाना और निशानेबाजी की शिक्षा प्राप्त की। आदिवासी अंचल में पले-बढ़े आज़ाद ने यहीं से साहस, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा ली, वहीं से उनके क्रांतिकारी जीवन की आधारशिला बनी। 27 फरवरी 1931 को, इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज) के अल्फ्रेड पार्क (अब चंद्रशेखर आज़ाद पार्क) में अपने एक साथी के विश्वासघात के कारण पुलिस ने उन्हें घेर लिया। उस दौरान उनके पास सिर्फ एक गोली बची थी, तो उन्होंने अपने संकल्प के अनुसार स्वयं को गोली मारकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। पूर्व में भाबरा के नाम से प्रसिद्ध इस तहसील का नाम परिवर्तित कर आधिकारिक तौर पर 2011 में चंद्रशेखर आज़ाद नगर कर दिया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एमपी विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

कांग्रेस विधायक ने विधानसभा में शीर्षासन किया, हर्ष फायरिंग पर एफआईआर को लेकर जताया विरोध

भोपाल/नवप्रदेश। विधानसभा के बजट सत्र का आज 10वां दिन रहा, जिसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले विधानसभा परिसर में शिवपुरी जिले के कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने शीर्षासन कर विरोध जताया।

दरअसल, शिवरात्रि पर शिव बारात के दौरान हर्ष फायरिंग के मामले में दर्ज एफआईआर को लेकर वे नाराज थे। सदन की कार्यवाही के दौरान शून्यकाल में कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय और सचेतक सोहन वाल्मीकि ने भी यह मुद्दा उठाया। स्पीकर द्वारा विषय की जानकारी संबंधित विभाग को भेजने की बात कहे जाने पर असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट कर दिया। इसके बाद बाबू जंडेल ने विधानसभा भवन के बाहर गांधी प्रतिमा के सामने शीर्षासन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

विधायक बोले- भगवान की खुशी में हर्ष फायर किया

कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि 15 फरवरी को हमारे क्षेत्र में यज्ञ का कार्यक्रम था। हजारों की संख्या में ब्राह्मण और साधु-संत मौजूद थे। मैंने शिवजी का चौतरा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

प्रयागराज/ए.। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में अहम सुनवाई शुरू हो गई है। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने मामले की संवेदनशीलता और अदालत में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए 'ओपन कोर्ट' में सुनवाई करने से मना कर दिया और अब इस मामले की सुनवाई जज के चैंबर में की जा रही है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने भारी भीड़ और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई अपने चैंबर में की। सुनवाई के दौरान शंकराचार्य के वकील ने दलील दी कि यह केस एक धर्मगुरु के खिलाफ सोची-समझी साजिश है और उन्होंने एक कथित पीड़ित बटुक की मार्कशीट पेश कर उसे बालिग बताया, जिस पर कोर्ट ने पुलिस से सख्त सवाल किया कि आखिर 'पीड़ित बच्चे कहां हैं? '। तो वादी के वकील ने दलील दी कि एक बच्चा मजिस्ट्रेट के समक्ष है और दूसरे बच्चे की परीक्षाएं चल रही थीं।

शंकराचार्य ने गिरफ्तारी से बचने के लिए 24 फरवरी को हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के चैंबर में शुरू

'साजिश का पर्दाफाश हो '

सुनवाई से पहले शंकराचार्य ने काशी में मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि वे सच सामने लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, चाहे इसके लिए उनका नार्को टेस्ट ही क्यों न कराना पड़े। उनके वकील श्रीनाथ त्रिपाठी ने अदालत में दलील दी कि यह पूरा मामला एक गहरी साजिश का हिस्सा है और यह केस एक सम्मानित धर्मगुरु के खिलाफ है, किसी अपराधी के खिलाफ नहीं।

कोरोना काल में पैरोल पर छूटे 38 में से 37 कैदी फरार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के जेलों से पैरोल पर छोड़े गए बंदियों के मामले में डायरेक्टर जनरल जेल ने हाईकोर्ट में एक शपथपत्र पेश कर बताया है कि 38 में से 37 कैदी फरार हैं। एक को ही गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने इसके बाद मामले को मानिटरिंग के लिए तय कर दिया है। बता दें कि हाईकोर्ट ने प्रदेश की तमाम जेलों से पेरोल पर मुक्त किए गए बंदियों के मामले में संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की थी। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में बीते वर्ष हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पैरोल पर छोड़े गए कैदियों की वापसी नहीं होने के मामले में जेल डीजी से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था।

शराब घोटाले में केजरीवाल-सिसोदिया बरी

■ चार्जशीट में खामियां, फैसले के बाद केजरीवाल रोते हुए बोले- जिंदगीभर ईमानदारी से काम किया

नई दिल्ली (ए.)। शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ बिना सबूत के आरोप साबित नहीं होता है। इस मामले में सीबीआई ने कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। आबकारी नीति मामले में केजरीवाल समेत 23 आरोपियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मीडिया से बात करते हुए रो पड़े केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सालों से जिस तरह से बीजेपी शराब घोटाला, शराब घोटाला कर रही थी। हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी। आज कोर्ट ने सारे आरोप खारिज कर दिए और हम सबको डिस्चार्ज कर दिया। हम हमेशा कहते थे कि हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया। सत्य की जीत हुई। भगवान हमारे साथ है। मोदी जी और अमित शाह जी ने मिलकर आजाद भारत का यह सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े पांच नेताओं को जेल में डाल दिया। आज तक आजाद भारत के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ।

गरमा-गरम

आलीराजपुर को मिली 171 करोड़ रूपए से अधिक के 49 विकास कार्यों की सौगात

क्रांति का तेजस्वी स्वर थे शहीद चंद्रशेखर आजाद : सीएम यादव

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें बलिदान दिवस पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

मुख्यमंत्री, शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर स्थित उनकी जन्मस्थली चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) पहुंचकर उनकी प्रतिमा को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद भारत की क्रांति का तेजस्वी स्वर थे। राज्य सरकार अमर बलिदानी और क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर गरीब, किसान, युवा और नारी (जीवायएएन) कल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात के साथ-साथ पड़ौसी मध्यप्रदेश के आलीराजपुर जिले का भी आर्थिक तंत्र बदला है। आलीराजपुर भील जनजाति की संस्कृति और स्वाभिमान की भूमि है। आज देश प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय मान्यता के प्रतीक बाबा भीलट देव, बाबा डूंगर देव, बाबा पाटला देव, रानी काजल माता, डूंगरी माता और मालवाई माता को नमन करते हुए कहा कि आलीराजपुर की पावन मिट्टी ने चंद्रशेखर आजाद सहित शहीद छीतू किराड़ जी को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

133 अफगान लड़ाके मारे 200 से ज्यादा घायलः पाक

■ पाकिस्तान-अफगानिस्तान में जंग के हालात

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है। वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया।

संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का समर्थन किया है।

न्यूज गैलरी

4 मार्च को जिले में शुष्क दिवस घोषित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश । कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 (यथासंशोधित) के तहत वर्ष 2025-26 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं पर शासन निर्देश की कंडिका 16 के अनुसार 4 मार्च 2026 को ''होली (जिस दिन रंग खेला जाए) के अवसर पर शासन द्वारा ''शुष्क दिवस'' घोषित किया गया है।

गढ़पिछवाडी में उपभोक्ता जागरुकता शिविर संपन्न

कांकेर / नवप्रदेश । माननीय राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर एवं के जिला उपभोक्ता आयोग कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल के निर्देशानुसार 27 फरवरी 2026 को जिला उपभोक्ता आयोग कांकेर द्वारा ग्राम गढ़पिछवाडी में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य श्री डाकेशवर सोनी द्वारा उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और आप घर बैठे ही की जागृति पोर्टल के द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती हेमलता भंडारी, उपसरपंच श्रीमती प्रमिला सलाम पंच रूपचंद भंडारी श्रीमती मीना नाग गांव के गणमान्य नागरिक ठाकुर राम नरेटी अभिराम मरकाम तरेंद्र भंडारी कर्मचारी गण एवं पंचगण ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी संजय कश्यप रवीन्द्र ठाकुर, सनत चंद्राकर उपस्थित थे।

कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश । आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 01 मार्च 2026 (दिन-रविवार) समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक (02 घंटे) तक आयोजित किया जायेगा।चयन परीक्षा के सफल संचालन हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार श्री बी.आर. ध्रुव संयुक्त कलेक्टर, जिला नोडल अधिकारी एवं श्री राजीव कुमार नाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने सर्वेक्षण

महासमुंद। जिले में निवासरत दिव्यांगजनों का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जा रहा है। ताकि जरूरतमंद दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जा सकें। सर्वे के दौरान ऐसे दिव्यांगजनों को चिन्हांकित किया जाएगा, जिन्हें श्रवण यंत्र, दृष्टिबाधित सहायक उपकरण, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर एवं अन्य सहायक साधनों की आवश्यकता है। प्रत्येक हितग्राही का नाम, पता, दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत, आवश्यक उपकरण का विवरण तथा संपर्क नंबर सहित पूरी जानकारी संकलित की जाएगी।

त्योहारी सीजन को लेकर सर्व समाज संग पुलिस की बैठक, शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील

■ **कलेक्टर-एसपी ने शांति समिति की बैठक में त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की**

कांकेर / नवप्रदेश । शुक्रवार जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा की मौजूदगी में आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगरपालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नगरवासियों द्वारा आगामी होली पर्व, रंग पंचमी, ईदुल फित्तर, चेट्रीचंड एवं गुड़ी पाड़वा, रामनवमी, महावीर जयंती, अम्बेडकर जयंती, गुड फ्राइडे, माता कर्मा जयंती, चैतरई जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार मनाए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी समुदाय के लोग परस्पर मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस व जिला प्रशासन का सहयोग करें।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर 12 बजे आयोजित शांति समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि ज्यादातर घटनाएं नशे की हालत में तथा अवांछित हुड़दंग जैसे स्थिति में घटित होती हैं। ऐसी स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए सभी वर्गों को आपस में सहयोग हेतु आगे आना चाहिए। कलेक्टर ने हर्ष और उल्लास के साथ सामाजिक समरसता और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सभी वर्ग के त्यौहारों का आनंद लेने की बात कही। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थिति निर्मित न हो, इस पर अनिवार्य रूप से ध्यान दें। बैठक में उपस्थित एसपी राखेचा ने कहा कि त्यौहार मनाने के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखें, ताकि किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि स्पीड बाइकिंग एवं प्रेशर हॉर्न वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर पुलिस द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 पर तत्काल संपर्क करें या वीडियो-फोटो भेजें, पुलिस इसे संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करेगी।

होलिका दहन के पहले निकाला जाएगा पुलिस और प्रशासन द्वारा मार्च

बैठक में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री मटियारा ने सड़क किनारे दुकानें नहीं लगाने तथा होली और रंग पंचमी के दिन टैंकर से अतिरिक्त जलापूर्ति करने का सुझाव दिया। नगरपालिका अध्यक्ष श्री कौशिक ने यातायात व्यवस्था सुचारू करने तथा जबरदस्ती रंग लगाने वालों पर कार्यवाही करने की बात कही। इसके पहले, एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा ने एजेण्डावार जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति पर बिना अनुमति के रंग-गुलाल न लगाएं तथा यथासंभव मुखौटों का उपयोग न करें। किसी भी प्रकार की जबरिया चंदा वसूली न की जाए। बाइक पर दो से अधिक सवारी न हों और नशे की स्थिति में वाहन कदापि न चलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि होलिका दहन के लिए खुले स्थान का चयन करें तथा किसी निजी अथवा शासकीय सम्पति को नुकसान न पहुंचाया जाए। परीक्षार्थियों एवं विशेष तौर पर धार्मिक स्थल पर आने-जाने वाले लोगों पर रंग-गुलाल न डाला जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारित समय व नियत डेसिबल में ही करें।

पीडब्ल्यूडी विभाग ब्रेकरों पर खानापूर्ति के लिए चूना लगवा रहा

स्पीड ब्रेकर पर संकेत बोर्ड न रेडियम लगातार हो रहे हादसे, जिम्मेदार मौन

अंतागढ़ / नवप्रदेश ।नगर के सडक मे स्पीड ब्रेकर को लेकर 23 फरवरी को नवप्रदेश ने खबर लगाया था कि स्पीड ब्रेकर बना हादसों का ब्रेकर, विभाग नींद से तो नहीं जागा हा किन्तु कल जिला कलेक्टर का सुरेवाही जनसमस्या निवारण शिविर पहुंचने कि सुचना पर विभाग जरूर ब्रेकरो मे चुना लगाते दिखा अब ये चुना किसको लगाया यह विभाग जाने? प्रश्न वाचक चिन्ह है लेकिन कल एक दो ब्रेकर मे कर्मचारी चुना लगाते जरूर दिखे ताकि हम काम कर रहे है विभाग को कलेक्टर को नहीं जनता को दिखना है कि हम जनता के लिए काम कर रहे है और उनकी चिंता हमें भी है सडक मे बने स्पीड ब्रेकर मे रेडियम व पेंट तथा गति अवरोध बोर्ड लगाना हमारा कर्तव्य है जबकि अंतागढ़ नगर मे बना स्पीड ब्रेकर हादसों को दे रहा निमंत्रण वही लोक निर्माण विभाग को इस ओर ध्यान नहीं जबकि 23 फरवरी को स्पीड ब्रेकर को लेकर खबर प्रकशित हुआ था किन्तु आज सप्ताह बाद भी विभाग न तो साइन बोर्ड लगाया न ब्रेकर मे पेंट जब बड़ा हादसा हो जाये तब कही विभाग ओर जनप्रतिनिधि कुम्भकर्णी नींद से जागकर जनता कि हित का सोचेंगे अब देखना है कि क्या विभाग गति अवरोध बोर्ड व पेंट कब लगवाता है

अंतागढ़ क्षेत्र के अति व्यस्त मार्ग पर स्पीड ब्रेकर में संकेतक न होने के चलते सड़क मे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। संकेतक नहीं होना एक बड़ा हादसों को जन्म दे सकता है जिसे लेकर स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए है जबकि स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाता है तो बकायदा गति अवरोध बोर्ड तथा रेडियम पेंट लगा होने वाली दूर्घटना को रोककर गाड़ियों के ड्राइवर को सावधान किया जाता है किन्तु यहाँ ऐसा कुछ नहीं है जिससे आये दिन हादसे हो रहे है

जिले की शीर्ष राजनीति का गढ़ है अंतागढ़ लेकिन बदहाली का आलम

नगर की अगर बात करे तो जिले कि शीर्ष राजनीति का गढ़ है अंतागढ़ लेकिन बदहाली का आलम अंतागढ़ में कुछ इस कदर हावी है कि यहां हर निर्माण कार्य की चर्चा जोरो पर होती है ऐसा ही हुआ अंतागढ़ में नव निर्मित ब्रोकरों को लेकर ..एक ओर ब्रेकर के बनने से भारी वाहनों के रफ्तार में अंकुश लगी तो नगर के लोगों ने राहत की सांस ली पर खुशी अंतागढ़ नगर के किस्मत में ज्यादे दिन की नहीं दरअसल अगली समस्या बनी ..निर्मित ब्रेकर के आकार को लेकर छोटे वाहन चालकों की चिंता बढ़ी और बढ़नी भी चाहिए क्योंकि न कोई सूचना बोर्ड लगाया गया और न ही कोई चिन्ह ब्रेकर पर बनाया गया अब संबंधित समस्या को लेकर विभाग को जगाने की मुहिम पत्रकारों ने छेड़ दी और लगातार खबर प्रकाशित किए विभाग नींद से जागा और जागना भी था जिले के मुखिया कांकेर कलेक्टर का दौरा जो था ..फिर क्या उठाई चुने की बोरी और सहर के बीचोबीच लगा दिया चुना जो आज की स्थिति में एक धुंधला गवाह बनकर अभी भी अंतागढ़ के लोगों को चिढ़ा रहा है और इसमें चार चांद लगा दी उस रेडियम के टुकड़े ने जो जूते सीने के इस्तेमाल में आने वाले किलों से ठोके गए थे।

इच्छापुर में 'जीराम जी जनचौपाल', सांसद महेश ने कहा- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

जगदलपुर / नवप्रदेश। बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत इच्छापुर में आज 'वी. बी. जीराम जी जनचौपाल' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस विशेष जनचौपाल में बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। ग्राम आगमन पर ग्रामीणों ने सांसद महेश कश्यप का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आत्मीय और भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करने से पूर्व सांसद ने स्थानीय मंदिर में बजरंगबली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और समूचे बस्तर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भक्तिभाव के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखने को मिला।

जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए एक महत्वपूर्ण बताया । उन्होंने बताया कि अब प्रति ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिन का अकुशल शारीरिक रोजगार प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मनरेगा के तहत केवल 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। सांसद ने कहा कि इस अतिरिक्त रोजगार से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे।

योजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी देते हुए सांसद कश्यप ने स्पष्ट किया कि इस पूरी योजना का प्रबंधन अब सीधे ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगाद्य भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए अब डिजिटल प्रणाली को अपनाया गया है। अब कार्यों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण को अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे वास्तविक मजदूरों को ही लाभ मिले। ?सांसद ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अब उन्हें अपनी मजदूरी के लिए लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि सरकार ने साप्ताहिक मजदूरी भुगतान की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। श्री कश्यप ने प्रत्येक आवेदन को ध्यानपूर्वक सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध निराकरण हेतु कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुँचाने की है।

?इस अवसर पर भाजपा मण्डल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता,स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने मोहन मंडावी

कांकेर / नवप्रदेश । गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के निर्देशन में रामायणी सांसद के नाम से सुशोभित, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के संरक्षक मोहन मंडावी को गोंडवाना समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि मोहन मंडावी पूर्व में गोंडवाना समाज के बस्तर संभाग के संभागीय सचिव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। उनके दीर्घकालीन सामाजिक अनुभव एवं संगठनात्मक योगदान को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

गोंडवाना समाज का एक वैभवशाली एवं गौरवशाली इतिहास रहा है। 52 गढ़ों में गोंडवाना समाज की रियासतें स्थापित थीं। मंडावी परिवार के राजाओं ने क्रमशः गढ़मंडला, खैरागढ़, पाना बरस तथा कुसुमपुर (उड़ीसा) में प्रभावी एवं सफल शासन किया। इसी समाज से संग्राम सिंह, शंकर शाह तथा रानी दुर्गावती जैसे महान शासकों ने इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ी। पूर्व सांसद मोहन मंडावी लोकगीत के एक सफल गायक भी हैं जो रामचरित के माध्यम से जन-जन तक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संदेश पहुँचाते रहे हैं। उनके द्वारा अब तक 54,000 से अधिक श्रीरामचरितमानस की प्रतियां विभिन्न परिवारों को वितरित की जा चुकी हैं। उनके इस मनोनयन पर कांकेर विधायक आसाराम नेताम पूर्व विधायक सेवक नेताम भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन शिवनाथ के डायरेक्टर नंद किशोर गुप्ता श्याम गुप्ता सहित जिलेवासियों ने बधाई दी है।

समस्या की जानकारी मिलते ही विधायक करवाया बोर खनन, हर घर पहुंचाया जल

पानी की समस्या से जूझ रहा था दसपुर बगरूम चौक, ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

कांकेर / नवप्रदेश । ग्राम दसपुर से कांकेर शहर वासियों को पानी पिलाने वाला गांव खुद पानी की समस्या से जूझ रहा था। पानी के टंकी बगरूम चौक से निचले हिस्से में होने के कारण पानी का सप्लाई यहां तक नहीं हो पा रहा था जिससे दसपुर चौक व छोटे पारा में रहने वाले ग्रामीणों को पानी की विकट समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बता दे कि ग्राम दसपुर के आगे ग्राम बेवरती कांकेर विधानसभा के विधायक आशा राम नेताम जी का पैतृक गांव है।

पानी की समस्या से जूझ रहे सूर्या नेताम सरपंच ग्राम पंचायत दसपुर एवं श्री शिवशक्ति महिला समिति के सदस्यों के द्वारा इस विषय को लेकर माननीय विधायक आशाराम नेताम जी के समक्ष रखा गया। विधायक ने निवेदन को स्वीकार करते हुए त्वरित 2 दिन में ही सक्सेसफुल बोरखनन संपन्न कराते हुए पानी की समस्या से निजात दिलाई । पानी जैसे अनमोल चीज मिलने से ग्राम पंचायत दसपुर छोटे पारा के ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह दिखा। ग्रामीणों ने कांकेर विधानसभा के विधायक आशा राम नेताम जी द्वारा समस्या का तत्काल समाधान किए जाने से गाँव के लोगो ने माननीय विधायक आशाराम नेताम जी को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया है।

बरसात से पहले नीलावरम गांव पहुंचेगा नल से पानी

सुकमा / नवप्रदेश । - विकासखंड सुकमा के ग्राम पंचायत नीलावरम में लंबे समय से बनी जल संकट की स्थिति अब खत्म होने की उम्मीद जगी है। गांव में स्थापित हाइड्रो पावर आधारित पंपिंग योजना को जल्द पूर्ण रूप से शुरू करने की दिशा में प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। गुरुवार को कलेक्टर अमित कुमार और जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर योजना का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए लंबित मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आगामी वर्षा ऋतु से पहले योजना को सुचारू रूप से चालू करना लक्ष्य है, ताकि ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर ने पेनस्टॉक सहित अन्य संरचनाओं का अवलोकन कर जल आपूर्ति तंत्र को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुधार और रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि योजना के पूर्ण संचालन से नीलावरम के ग्रामीणों को सालभर पानी मिलेगा और वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

मौके पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य की सफलता स्थानीय भागीदारी पर निर्भर करती है और जनसहयोग से ही इस योजना का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

बीज मड़ई: पारंपरिक बीज मंडई में 500 से अधिक किसानों की सहभागिता

जैविक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश । । विगत दिवस जिले के ग्राम झोड़ियाबाड़म स्थित रीपा केंद्र में आज पारंपरिक बीज मंडई का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भूमगादी एवं निर्माण संस्था के मिरेकल मिलेट कार्यक्रम तथा कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस दौरान जिले के चारों विकास खंडों के 100 से अधिक गांवों से आए लगभग 500 से अधिक जैविक किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। बीज मंडई में पारंपरिक अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जी, कोदो, कोसरा, कंद-मूल एवं अन्य स्थानीय फसलों के बीजों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। जैविक जिला के रूप में पहचान बना चुके दंतेवाड़ा में किसानों ने जैविक आदान सामग्री, बीज संरक्षण एवं रखरखाव की पारंपरिक तकनीकों के संबंध में भी अन्य कृषकों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने पारंपरिक बीजों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और जैविक खेती को अपनाकर धरती को विषमुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री सूरज पंसारी, भूमगादी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश बढ़ावे सहित निर्माण संस्था एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और किसानों को पारंपरिक खेती पद्धतियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में किसानों ने कोसरा चावल से बने पारंपरिक जैविक व्यंजन ÷मांद्राभात÷ का स्वाद लिया तथा इसके पोषण महत्व की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर टेकनार की किसान श्रीमती तुलसी बाई नाग को जैविक श्री विधि से धान उत्पादन में जिले में सर्वाधिक 56 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादकता प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

मलकडोल रेत खदान पर खनिज विभाग का छापा, चैन माउंट मशीन-हाईवा जब्त

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। गत रात्रि ग्राम पंचायत मलकडोल स्थित रेत खदान में दबिश देकर अवैध रूप से रेत लोडिंग में प्रयुक्त एक चौन माउंट मशीन एवं एक हाइवा वाहन को जब्त किया गया।

खनिज अधिकारी दयानन्द तिग्गा ने बताया कि मलकडोल रेत खदान में चौन माउंट मशीन के माध्यम से अवैध रेत लोडिंग की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों की पुष्टि के लिए 25 फरवरी 2026 की रात्रि खदान की सघन जांच की गई, जिसमें मौके पर अवैध गतिविधि पाई गई। जांच के दौरान एक चौन माउंट मशीन को रेत लोडिंग करते हुए पकड़ा गया, जिस पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 की उपधारा (1) एवं (5) के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप मचा है और यह संदेश दिया गया है कि नियमों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

रागी लड्डू प्रसाद पर भ्रामक वीडियो प्रसारित करने पर एफआईआर दर्ज

उज्जैन/नवप्रदेश। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं को वितरित किए जाने वाले श्रीअन्न रागी लड्डू प्रसाद के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के मामले में कार्रवाई की गई है। मंदिर प्रशासन के अनुसार 25 फरवरी को वायरल वीडियो में लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उसे टूटा हुआ दिखाया गया तथा प्रसाद सेवन से स्वास्थ्य खराब होने जैसे निराधार दावे किए गए। समिति ने स्पष्ट किया है कि रागी लड्डू प्रसाद रागी आटा (मिलेट), गुड़ और शुद्ध घी से निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप स्वच्छता के साथ तैयार किया जाता है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु इसे आस्था के साथ ग्रहण करते हैं और यह स्वास्थ्यवर्धक है।

प्रशासन का कहना है कि वीडियो में जानबूझकर प्रसाद को बिखेरकर प्रदर्शित किया गया, जबकि अन्य पैकेट व्यवस्थित दिख रहे हैं, जिससे वीडियो के भ्रामक होने का संकेत मिलता है। उक्त मामले में भ्रामक वीडियो प्रसारित करने वाले रोशन यादव (इंस्टाग्राम आईडी _roshan_yadav22) के विरुद्ध महाकाल थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारियों से सावधान रहें और किसी भी सूचना की पुष्टि आधिकारिक स्त्रोतों से ही

28 को सजेगी 'हास्य-फुहार' की महफिल, ख्यात कवि करेंगे रचना पाठ

उज्जैन/नवप्रदेश। दृष्टि इंडिया न्यूज परिवार की ओर से शनिवार, 28 फरवरी 2026 को शहर में 'हास्य-फुहार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दशहरा मैदान स्थित होटल सुराना पैलेस में दोपहर 12 से 2 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में उज्जैन के ख्यात कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। दृष्टि इंडिया न्यूज चैनल के डायरेक्टर राम सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साहित्यिक महफिल में शहर के जाने-माने कवि श्रोताओं को अपनी कविताओं से गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार व कवि मुकेश जोशी, डॉ. राजेश रावल, भारत पंड्या, राहुल शर्मा (सूत्रधार), सुरेंद्र सिंह ठाकुर (सर्किट), सुगन चंद जैन, शशांक दुबे और सौरभ चातक कविता पाठ करेंगे। 'हास्य-फुहार' के इस गरिमामय आयोजन के साथ ही उपस्थित जनों के लिए सहभोज की व्यवस्था भी की गई है।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा, निर्माण सामग्री व्यवस्थित रखने के निर्देश

उज्जैन/नवप्रदेश। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर और आसपास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने तथा मंदिर के

आसपास निर्माण सामग्री को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यूडीए द्वारा महालोक क्षेत्र में लड्डू प्रसाद यूनिट और महाकाल थाना निर्माण कार्य की प्रगति देखी गई। साथ ही स्मार्ट सिटी द्वारा महाकाल अन्न क्षेत्र से शक्ति पथ तक बनाए जा रहे नवीन मार्ग को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने महालोक कॉरिडोर और आसपास साफ-सफाई के लिए एकीकृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा। हरिद्धि माता मंदिर से महाकाल मंदिर मार्ग पर भीड़ प्रबंधन हेतु बैरिकेडिंग, सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल से झलारिया मठ तक 24 मीटर चौड़े मार्ग को श्रावण पूर्व पूरा करने तथा भारत माता मंदिर पार्किंग से 24 खंभा माता मंदिर मार्ग की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए। धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित इंजीनियर को चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए जिला कंट्रोल रूम स्थापित

नीमच/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में लोक स्वा.यां.विभाग द्वारा जिला स्तर पर ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण, जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण एवं रोकथाम तथा पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) प्रभारी श्री खुशवंतसिह राठौर उपयंत्री मोबाईल नम्बर 9826459949 है। नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) का दूरभाष क्रमांक 07423-230192 है। कंट्रोल रूम पर प्रात- 9 से सांय 5 बजे तक श्री रणजीतसिह गुर्जर भृत्य मो.न.9009488746 एवं प्रात- 11 से सायं 7 बजे तक श्री जगदीश बैरवा स्थल सहायक मो.न. 9424567580 की ड्यूटी लगाई गई हैं।

होलिका पर्व पर महाकाल मंदिर व महाकाल लोक में रंग-गुलाल पूर्णतः प्रतिबंधित

उज्जैन/नवप्रदेश। होलिका पर्व (2 एवं 3 मार्च) के अवसर पर मंदिर की परंपराओं के सम्यक निर्वहन एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर प्रशासन ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशानुसार गर्भगृह, नंदी मंडपम्, गणेश मंडपम्, कार्तिकेय मंडपम् सहित संपूर्ण मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल ले जाना, उड़ाना या एक-दूसरे को लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

जारी प्रमुख निर्देश

मंदिर एवं महाकाल लोक में कार्यरत पुजारी, पुरोहित, अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी एवं आउटसोर्स स्टाफ रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे और आपस में रंग नहीं लगाएंगे।

श्रद्धालुओं को भी रंग-गुलाल के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

सभी प्रवेश द्वारों पर तैनात सुरक्षाकर्मी विनम्र व्यवहार के साथ सघन जांच सुनिश्चित करेंगे।

कर्मचारी अपने साथ लाए सामान की स्वयं जांच कराकर ही परिसर में प्रवेश करेंगे। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार का रंग या उपकरण भीतर न ले जाया जा सके। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भगवान श्री महाकालेश्वर की त्रिकाल आरती के दौरान प्रत्येक आरती में प्रतीकात्मक रूप से 1-1 किलोग्राम हर्बल गुलाल अर्पित किया जाएगा, जो मंदिर की कोठार शाखा द्वारा संबंधित पुजारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि होलिका पर्व मंदिर परिसर की गरिमा के अनुरूप हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

सागौर-गुणावद के बीच दो रोड ओवर ब्रिजों का लोकार्पण, आवागमन होगा सुरक्षित और सुगम

रतलाम/नवप्रदेश। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल अंतर्गत इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सागौर-गुणावद के मध्य दो रोड ओवर ब्रिजों का लोकार्पण गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में इन पुलों का उद्घाटन किया। जनसंपर्क अधिकारी श्री

मुकेश कुमार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, रोड ओवर ब्रिज संख्या 234 ए दो लेन का है, जिसका निर्माण पूर्ण कर यातायात के लिए तैयार कर दिया गया है। वहीं रोड ओवर ब्रिज संख्या 221 ए फोर लेन का है, जिसमें से दो लेन आमजन के लिए खोल दी गई हैं तथा शेष दो लेन भी शीघ्र प्रारंभ की जाएंगी। करीब 107 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन दोनों पुलों के शुरू होने से सड़क उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही नई रेल लाइन परियोजना के कार्य में भी तेजी आएगी। रोड ओवर ब्रिज संख्या 234 ए इंदोरामा एवं सुहागपुरा को जोड़ता है, जबकि रोड ओवर ब्रिज संख्या 221 ए लेवड़ एवं मानपुर रोड के बीच संपर्क स्थापित करता है। इस अवसर पर रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार सहित निर्माण एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ठेले से ब्रांड तक का सफर: 'गणेशम फास्ट फूड' की उज्जैन में नई शाखा मार्च 2026 से शुरू

उज्जैन/नवप्रदेश। शहर के फूड लवर्स के लिए खुशखबरी है। प्रसिद्ध फूड ब्रांड गणेशम फास्ट फूड अब उज्जैन में अपनी नई शाखा का शुभारंभ करने जा रहा है। मार्च 2026 से शुरू होने जा रही यह नई आउटलेट न सिर्फ स्वाद का नया केंद्र बनेगी, बल्कि संघर्ष, मेहनत और सपनों की प्रेरक कहानी भी साथ लाएगी। साल 2005 में महज 270 की पहली कमाई और एक छोटे से हाथ ठेले से शुरू हुआ यह सफर आज एक स्थापित ब्रांड के रूप में पहचान बना चुका है। शुरुआत में केवल चार आइटम थे और पहले दिन की बिक्री मात्र 70 रही, लेकिन उस छोटे से ठेले में बड़े सपने और अटूट विश्वास छिपा था। शुरुआती दिनों में रोज सुबह 5 बजे मंडी जाना, घर लौटकर तैयारी करना, 11 बजे ठेला लगाना और रात 1-2 बजे तक ग्राहकों का इंतजार करना दिनचर्या का हिस्सा था। कई बार खुद के लिए थाली में खाना कम पड़ता था, लेकिन हौसला कभी कम नहीं हुआ।

मेनू में बढ़ा स्वाद का विस्तार

साल 2007 तक मेनू का दायरा लगातार बढ़ता गया। आज गणेशम में इंडियन, पंजाबी, साउथ इंडियन, चाइनीज और इटालियन (पिज़्ज़ा, पास्ता) व्यंजनों के साथ सैंडविच, बर्गर, शेक, बोबा टी और मॉकटेल जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं। हर डिश के पीछे यही सोच रही – ग्राहक के पास विकल्प हो और हर विकल्प में वही प्यार हो। भोपाल में ग्राहकों का जबरदस्त समर्थन मिला और 2010 में महाबली नगर में पहली दुकान खरीदी गई। ठेले की मेहनत अब एक व्यवस्थित दुकान की पहचान बन चुकी थी। इसके बाद न्यू मार्केट, गुलमोहर, साकेत नगर और इन्द्रपुरी में भी शाखाएं खोली गई और गणेशम एक भरोसेमंद ब्रांड के रूप में स्थापित हो गया।

भोपाल से बाहर विस्तार

वर्ष 2024 में ब्रांड ने भोपाल से बाहर विस्तार का निर्णय लिया। मार्च 2025 में रीवा में नया आउटलेट शुरू किया गया। अब भगवान महाकालेश्वर के आशीर्वाद से 2026 में उज्जैन में एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। नई शाखा आधुनिक सुविधाओं, स्वच्छ और आरामदायक वातावरण तथा विस्तृत मेनू के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव देगी। ब्रांड आने वाले वर्षों में अन्य शहरों में भी विस्तार की योजना पर कार्य कर रहा है।

गणेशम सिर्फ फास्ट फूड नहीं, बल्कि एक भावना है–यह कहानी है मेहनत, परिवार के सहयोग, ग्राहकों के विश्वास और उन अनगिनत रातों की, जब नींद से ज्यादा जरूरी सपना था। ठेला छोटा था, लेकिन स्वाद बड़ा था; कमाई कम थी, लेकिन इरादा हमेशा बड़ा रहा।

अम्बोदिया उपस्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण, सीएमएचओ ने दिए स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने के निर्देश

उज्जैन/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर प्रदायगी सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने विकासखंड घट्टिया स्थित

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपस्वास्थ्य केंद्र अम्बोदिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के त्वरित निराकरण, हितग्राही मूलक योजनाओं का समय पर लाभ देने तथा दस्तक अभियान के द्वितीय चरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन, समय पर जांच, हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान और अनमोल पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आयुष्मान भारत निरामयम योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने तथा नियमित टीकाकरण अभियान के तहत शिशुओं व गर्भवती महिलाओं का पूर्ण टीकाकरण कर युविन पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. अमित राजपुरोहित सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

सिंधी समाज की अनूठी पहल: चेटीचंड पर वंचित वर्ग को मिलेगी हेलीकॉप्टर से हवाई यात्रा की सौगात

अध्यक्ष जितेन्द्र कृपलानी ने की घोषणा, डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन को दी गई सौगात से साकार होगा सपना

उज्जैन/नवप्रदेश। सिंधी समाज, उज्जैन द्वारा आगामी चेटीचंड के अवसर पर एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। समाज के अंतिम पंक्ति के वे लोग और गरीब वर्ग, जिनके लिए हवाई यात्रा करना केवल एक सपना होता है, उन्हें अब समाज की ओर से

हेलीकॉप्टर से तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। सिंधी समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र कृपलानी ने बताया कि समाज का यह पुनीत कार्य डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन को दी गई सौगात के माध्यम से किया जाएगा। समाज के पिछड़े वर्ग का यह सपना साकार करने के लिए कोर कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस बैठक में संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, गिरधारी लालवानी, राजू छतवानी, सुरेश तेजवानी और गंगाराम राघवानी सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने महाकाल मंदिर परिसर व अन्नक्षेत्र का किया निरीक्षण, सावन पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश

उज्जैन/नवप्रदेश। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंदिर समिति द्वारा संचालित निःशुल्क अन्नक्षेत्र, महाकाल मंदिर एवं श्री महाकाल महालोक के आंतरिक व बाहरी परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं सावन माह को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, ताकि लाखों भक्तों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान हरसिद्धि मंदिर से बड़ा गणेश मार्ग एवं महाराजवाड़ा होटल के सामने चल रहे सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत देने हेतु शेड, शुद्ध पेयजल आपूर्ति और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा, मंदिर अधिकारी एवं संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित

पीपलीनाका मार्ग चौड़ीकरण पर रोक, सर्वे के बाद प्रभावितों को राहत पर होगा फैसला

उज्जैन/नवप्रदेश। पीपलीनाका-भैरवगढ़, पीपलीनाका-तिलकेश्वर और पीपलीनाका-ओखलेश्वर मार्ग के प्रस्तावित चौड़ीकरण को लेकर चल रही कार्रवाई फिलहाल दो दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। स्थानीय रहवासियों के विरोध और धरना प्रदर्शन के बाद गुरुवार को उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) और प्रशासन की टीम बिना निशानांकन किए लौट गई। जानकारी के अनुसार तीनों मार्गों को 30 मीटर चौड़ा किए जाने का प्रस्ताव है। पूर्व में यह चौड़ाई 45 मीटर निर्धारित की गई थी, जिसे रहवासियों की मांग पर घटाया गया था। इसके बावजूद क्षेत्र के कई लोग प्रस्तावित 30 मीटर चौड़ाई पर भी असहमति जता रहे हैं।

गुरुवार को जब यूडीए की टीम मकानों और दुकानों पर निशान लगाने पहुंची तो बड़ी संख्या में रहवासी पीपलीनाका चौराहे पर एकत्रित होकर धरने पर बैठ गए। दिनभर चले प्रदर्शन के दौरान प्रशासन और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के बीच चर्चा का दौर चलता रहा। चूंकि यह क्षेत्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का प्रभाव क्षेत्र माना जाता है, इसलिए संगठन के पदाधिकारियों से भी संवाद किया गया। अंततः सहमति बनी कि मार्ग का पुनः विस्तृत सर्वे कराया जाएगा और जो परिवार 100 प्रतिशत प्रभावित हो रहे हैं, उन्हें राहत या वैकल्पिक व्यवस्था देने के विकल्पों पर विचार किया जाएगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से चर्चा के बाद प्रदर्शन को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रभावितों के हित में संतुलित निर्णय लिया जाएगा। रहवासियों का कहना है कि वे विकास कार्यों के विरोध में नहीं हैं, लेकिन जिन परिवारों के पूरे मकान प्रभावित हो रहे हैं, उनके लिए न्यायसंगत समाधान आवश्यक है। अब दो दिन बाद होने वाले सर्वे और प्रशासनिक निर्णय पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

महाकाल क्षेत्र से अस्थायी अतिक्रमण हटाया, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निगम की कार्रवाई जारी

उज्जैन/नवप्रदेश। श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने महाकाल क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त संजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में रिमूवल गैंग द्वारा की गई। आगामी पर्व-त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सड़कों और मार्गों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि महाकाल क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि भक्तों को सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीडितों को केशलेस ईलाज की सुविधा

नीमच/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रूपये तक का कैशलेस इलाज मिलता हैं। यह सुविधा हादसे की तारीख से 7 दिनों तक उपलब्ध रहती हैं। योजना का उद्देश्य गोल्डन आवर में जिंदगी बचाना है, क्योंकि लगभग 50त्न सड़क दुर्घटना मृत्यु को रोका जा सकता हैं, यदि पीड़ितों को समय पर इलाज मिले। पात्रता- सड़क दुर्घटना के सभी पीड़ित, चाहे वह हाईवे पर हुआ हो या शहर की सड़क पर, योजना का लाभ उठाने के लिए 112 पर कॉल कर सकते हैं। प्रक्रिया- हादसे की सूचना 112 पर देना होगी। एंबुलेंस सेवा का अनुरोध करें। अस्पताल में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज मिलेगा। क्लेम प्रोसेसिंग ऑनलाइन ट्रैक की जाएगी। नीमच जिले में इस योजना के तहत निःशुल्क उपचार के लिए 43 निजी अस्पताल पंजीकृत किए गए हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने पी.एम.राहत योजना के क्रियान्वयन की शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक में समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए, कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए किसी भी अस्पताल में भर्ती करवाने पर अस्पताल द्वारा उपचार के लिए मना नहीं किया जा सकेगा। पीडित का तत्काल प्राथमिक उपचार कर, आवश्यकतानुसार अन्य उच्च संस्था में रेफर किया जा सकेगा। सड़क दुर्घटना के संबंध में पुलिस द्वारा 24 घंटे में प्रतिवेदन पोर्टल पर अपलोड किया जावेगा। हास्पीटल में 7 दिवस तक उपचार का खर्च 1.50 लाख की राशि की प्रतिपूर्ति योजना के तहत की जावेगी।

सुविचार

कल हम न होंगे न कोई गिला होगा, सिर्फसिमटती हुई यादों का सिलसिला होगा।
चंद पल जो मिले हैं हंसकर बीता लो न जाने कल जिंदगी का क्या फैसला होगा

अफगानिस्तान पर हवाई हमले

पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगानिस्तान के खिलाफ ऐयर स्ट्राइक कर दी है। पाकिस्तान के हवाई हमले में अफगानिस्तान को भारी नुकसान होने का दावा किया गया है और कहा गया है कि कई अफगानी लड़ाके भी इस हमले में मारे गये हैं। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की 15 चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया है। अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता के अनुसार पाकिस्तानी सेना के कई जवान मारे गये हैं और कुछ लोगों को अफगानिस्तान ने बंधक बना लिया है। गौरतलब है कि इसके पहले भी पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमला किया था जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था और अफगानिस्तान की सेना ने उस समय भी कई पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बना लिया था। दरअसल पाकिस्तान इस समय खुद ही गृहयुद्ध की आग झुलस रहा है और लोगों को ध्यान भटकाने के लिए वह अफगानिस्तान के खिलाफ हवाई हमले करता है क्योंकि अफगानिस्तान के पास वायु सेना नहीं है इसलिए पाकिस्तान के हवाई हमलों का उसे जमीन पर लड़कर जवाब देना पड़ता है। गौरतलब है कि पिछले 24 घंटे के दौरान पाकिस्तान में 3 जगहों पर पांच बड़े धमाके हुए हैं जिनमें 50 लोग मारे गये हैं और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। एक धमाका तो पाकिस्तान के सबसे सुरक्षित कहे जाने वाले पंजाब प्रांत में भी हुआ है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक इन धमाकों के पीछे टीटीपी का हाथ हैं। वहीं दूसरी ओर बलौच ने भी पाकिस्तानी सेना के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और खैबर पख्तुटख्वा में भी पाकिस्तान सेना के खिलाफ लोग सड़को पर उतर रहे हैं। वहां के मुख्यमंत्री ने तो सीधे आर्मी चीफ को ही अपना सबसे बड़ा दुश्मन बताया है। पाक अधिकृत कश्मीर में भी हालात दिन बदिन खराब होते जा रहे हैं और वहां पाकिस्तान से पीओके की आजादी की मांग तेज होने लगी है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ जेल में जैसा सलूक किया जा रहा है उसे लेकर भी पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थकों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। जिससे पाकिस्तान में गृहयुद्ध छिडने की संभावना प्रबल हो गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सिर्फ नाम के ही प्रधानमंत्री रह गये हैं। वहां की सरकार आर्मी चीफ असीम मुनीर के इशारे पर चल रही है और पाकिस्तानी सेना जुल्म ढाने लगी है। नतीजतन पाकिस्तान अफगानिस्तान पर हमले करके अपनी खीज मिटा रहा है जो अंतत उसे ही भारी पड़ेगा।

करो या मरो के मुकाबले में टीम इंडिया की जीत

टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को जिम्बावे के साथ मैच खेलना पड़ा जिसमें उसके लिए करो या मरो की स्थिति पैदा हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद टीम इंडिया पर संकट के बादल गहरा गये थे। जिम्बावे के साथ उसे एक बड़ी जीत की दरकार थी जो उसने हासिल कर ली। पिछले मैच की शर्मनाक हार से सबक लेकर टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने जिम्बावे के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया और भारत ने अभिषेक शर्मा तथा हार्दिक पांडया के धुंआधार अर्धशतकों तथा अन्य बल्लेबाजों की छोटी छोटी ही सही लेकिन बेहतरीन पारी की बदौलत 256 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। टी -20 वर्ल्ड कप के इतिहास में यह भारत का पहला और श्रीलंका के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कारे है। भारत सिर्फ चार रन से दूर रह गया अन्यथा वह वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी पारी का इतिहास रच देता। इसी तरह भारत के बल्लेबाजों से 17 छक्के जड़े और इसमें भी वह दो शिक्सर कम होने के कारण नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से चूक गया। बहरहाल भारत को अब अपना अगला मैच वेस्टइंडिज से खेलना है और उसे हर हाल में हराना होगा तभी वह सेमीफाइनल में पहुंच पाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि वेस्टइंडिज के खिलाफ भी टीम इंडिया इसी तरह का प्रदर्शन करेगी और सेमीफाइनल तथा फाइनल में पहुंचकर फिर एक बार वर्ल्ड कप अपने नाम करेगी। बशर्ते भारत और वेस्टइंडिज के मुकाबले के दौरान बारिश न हो अन्यथा मैच रद्द होने से एक एक अंक बंट जाएंगे और ऐसे में टीम इंडिया सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगी।

सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

योगेश कुमार गोयल

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है।

यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल सर सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफसाइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सी वी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को

सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीआई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीआई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की वर्ष 1999 से लेकर अब तक की थीम पर नजर डालें तो वर्ष 1999 का विषय था 'हमारी बदलती धरती'। वर्ष 2000 का विषय था 'मूल विज्ञान में रूचि उत्पन्न करना, 2001 का 'विज्ञान शिक्षा के लिए सूचना तकनीक', 2002 का 'पश्चिम से धन', 2003 का 'जीवन की रूपरेखा : 50 साल का डीएनए और 25 वर्ष का आईवीएफ', 2004 का 'समुदाय में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना', 2005 का 'भौतिकी को मानना', 2006 का 'हमारे भविष्य के लिए प्रकृति की परवरिश करें', 2007 का 'प्रति द्रव्य पर ज्यादा फसल', 2008 का 'पृथ्वी ग्रह को समझना', 2009 का 'विज्ञान की सीमा को बढ़ाना', 2010 का 'दीर्घकालिक विकास के लिए लैंगिक समानता, विज्ञान और तकनीक, 2011 का 'दैनिक जीवन में रसायन', 2012 का 'स्वच्छ ऊर्जा विकल्प और परमाणु सुरक्षा', 2013 का 'अनुवांशिक संशोधित फसल और खाद्य सुरक्षा', 2014 का 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति को प्रोत्साहित करना', 2015 का 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान', 2016 का 'देश के विकास के लिए वैज्ञानिक मुद्दों पर सार्वजनिक प्रशंसा बढ़ाने के लक्ष्य', 2017 का 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकलांग व्यक्तियों के लिए', 2018 का 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' तथा वर्ष 2019 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय 'लोगों के लिए विज्ञान और विज्ञान के लिए लोग' था। देश में अन्य क्षेत्रों के अलावा विज्ञान के क्षेत्र में भी महिलाओं के योगदान के मद्देनजर उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से 2020 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम रखी गई 'विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं' (वूमेन इन साइंस)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते भी हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना बेहद जरूरी है। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है।

भारत-इजरायल की रणनीतिक साझेदारी से बदलेगी तस्वीर

डॉ. ओ.पी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को दोस्ती से आगे बढ़ाकर एक 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25द्26 फरवरी के बीच इजराइल यात्रा के दौरान यह बड़ा फैसला लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफकर दिया कि इजराइल का 'दिमाग' (इनोवेशन) और भारत का 'हुनर' (टैलेंट और विनिर्माण) मिलकर दुनिया की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकालेंगे। नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि आज हमने अपनी साझेदारी को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

आज की बैठक में हमने अपने सहयोग को नई दिशा और तेज गति देने पर चर्चा की। हमारा आर्थिक सहयोग विकास, नवाचार और साझा समृद्धि का इंजन बना हुआ है। आपसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हमने पिछले वर्ष द्विपक्षीय निवेश समझौता किया। हम शीघ्र ही एक पारस्परिक लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को भी अंतिम रूप देंगे। माना जा रहा है कि 2026 के अंत तक दोनों देशों के बीच एफटीए हो जाएगा। दोनों देशों की तरफसे जारी संयुक्त बयान में आतंकवाद की उसके हर रूप और अभिव्यक्ति में कड़े शब्दों में निंदा की गई है। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हुए आतंकी हमले, 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भारतीय पर्यटकों पर हमले और 10 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुई आतंकी घटना की भी कड़ी निंदा की गई।

प्रधानमंत्री मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार इजरायल की 'टेक्नोलॉजी' और भारत की 'टैलेंट व मैन्युफैक्चरिंग' जब मिलेंगी, तो ग्लोबल मार्केट में धमाका होना तय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर सेमीकंडक्टर और स्पेस रिसर्च तक, दोनों देशों ने एक-दूसरे का हाथ मजबूती से थाम लिया है। दोनों नेताओं ने साफ किया कि अब साझेदारी सिर्फदोस्ती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी, रक्षा, व्यापार, कृषि और शिक्षा जैसे हर बड़े क्षेत्र में गहराई तक जाएगी।

अब युद्ध केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और साइबर सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौता किया है। अब इजराइल और भारत के टेक एक्सपर्ट्स मिलकर ऐसी मशीनें और सिस्टम बनाएंगे जो न केवल स्मार्ट होंगे, बल्कि सुरक्षित भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को दोस्ती से आगे बढ़ाकर एक 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25द्26 फरवरी के बीच इजराइल यात्रा के दौरान यह बड़ा फैसला लिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफकर दिया कि इजराइल का 'दिमाग' (इनोवेशन) और भारत का 'हुनर' (टैलेंट और विनिर्माण) मिलकर दुनिया की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकालेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार इजरायल की 'टेक्नोलॉजी' और भारत की 'टैलेंट व मैन्युफैक्चरिंग' जब मिलेंगी, तो ग्लोबल मार्केट में धमाका होना तय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लेकर सेमीकंडक्टर और स्पेस रिसर्च तक, दोनों देशों ने एक-दूसरे का हाथ मजबूती से थाम लिया है। दोनों नेताओं ने साफ किया कि अब साझेदारी सिर्फदोस्ती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी, रक्षा, व्यापार, कृषि और शिक्षा जैसे हर बड़े क्षेत्र में गहराई तक जाएगी।

अब युद्ध केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और साइबर सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौता किया है। अब इजराइल और भारत के टेक एक्सपर्ट्स मिलकर ऐसी मशीनें और सिस्टम बनाएंगे जो न केवल स्मार्ट होंगे, बल्कि सुरक्षित भी होंगे। इजराइल ने रेगिस्तान में खेती करके दुनिया को हैरान किया है, और अब वही तकनीक भारत के करोड़ों किसानों की किस्मत बदलेगी। दोनों देशों ने कृषि नवाचार केंद्र (आईओअएनसीए) बनाने का फैसला किया है। अब इजराइली वैज्ञानिक और भारतीय किसान मिलकर कम पानी में ज्यादा पैदावार करने के नए तरीके खोजेंगे। अभी तक भारत में 35 से ज्यादा एक्सीलेंस सेंटर चल रहे हैं, जहां 10 लाख से ज्यादा किसान ट्रेनिंग ले चुके हैं। अब इस मिशन को गंगा की सफाई और जल प्रबंधन तक ले जाया जा रहा है। इजराइल की डीसेलिनेशन (खारे पानी को मीठा बनाना) तकनीक से भारत के तटीय इलाकों में पानी की किल्लत दूर करने की योजना है।रक्षा के क्षेत्र में अब हम सिर्फखरीददार और विक्रेता नहीं रहे। नवंबर 2025 में हुए समझौते को आगे बढ़ाते हुए अब दोनों देश मिलकर आधुनिक हथियार और डिफेंस प्लेटफॉर्म्स बनाएंगे। यह साझेदारी भारत के आत्मनिर्भर भारत 2047 के विजन को नई ऊंचाई देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफइजरायल के साथ अपनी एकजुटता दोहराई। दोनों नेताओं ने हाल के वर्षों में हुए आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र को अस्थिर करने वाली ताकतों के खिलाफअब भारत और इजराइल मिलकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे। आम आदमी के लिए सबसे बड़ी खबर यह है कि अगले पांच वर्षों में 50,000 भारतीय कामगार इजराइल जा सकेंगे। कंस्ट्रक्शन, केयरगिविंग और रेस्टोरेंट सेक्टर के अलावा अब हाई-टेक क्षेत्रों में भी भारतीय प्रोफेशनल्स को प्राथमिकता दी जाएगी। दोनों देशों ने कामगारों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल पर साइन किए हैं।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ भगवान कोई वचन दें तो विश्वास मत करना, बड़ी जल्दी तोड़ते भी हैं। हां! भगवान कृष्ण कहते हैं मैं वचन देता हूं तो समझ जाना काम नहीं होने वाला है, ये तोड़ेगा जरूर। कृष्ण का काम है वचन देना और तोड़ना ये पक्की बात है क्योंकि भगवान किसी वचन के तहत बंध के आपको मरना-मारना नहीं चाहते, आपको दुखी नहीं करना चाहते। आज वचन दिए हैं आपको सुखी करने के लिए, कल वहीं वचन आपको दुख देगा तो अपना वचन तोड़ के आपको सुखी कर देंगे। भगवान आपको सुखी करना चाहते हैं, आनंदित करना चाहते हैं; अपने वचन का रक्षा नहीं करना चाहते, वही सच्चा माता परमपिता। यही एकमात्र कारण है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता।1712 - बहादुर शाह जफर ने लाहौर में अंतिम सांस ली। 1922 - मिस्र को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित किया गया। 1928 - सी वी रमन ने रमन प्रभाव का आविष्कार किया, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1936 - देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पत्नी कमला नेहरू का निधन। 1942 - दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान की सेना ने जावा के द्वीप पर कब्जा किया और यह द्वीप 1945 तक उनके कब्जे में रहा। 1948 - भारत की आजादी के तकरीबन छह माह बाद ब्रिटिश सेना की अंतिम टुकड़ी अपने देश लौट गई। 1949 - राष्ट्रमंडल समूह के सुदूर पूर्व के देशों ने नयी दिल्ली में बैठक के दौरान बर्मा के गृह युद्ध में मध्यस्थता की पेशकश की। 1986 - स्वीडन के प्रधानमंत्री ओलोफ पाल्मे की स्टॉकहोम में गोली मार कर हत्या।1991 - खाड़ी में युद्ध विराम लागू। 1992 - भारत एवं ब्रिटेन के बीच आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर। 1993 - ईरान में भारी पैमाने पर आई बाढ़ में करीब 500 लोगों की मौत। इसे देश की अब तक की सबसे घातक प्राकृतिक आपदा कहा गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सफलता प्राप्त करना एक नए जीवन को प्राप्त करना हैं।

अतएव एक नए जीव से जन्म की पसव पीड़ा को तो भोगना ही पड़ेगा। सफलता बहुत बलिदान माँगती है। निश्चय दृढ़ है,तो सफलता भी निश्चित है। मेरे दोस्त - संकल्प ठानों,आत्म विश्वास जगाओं, दृढ़ निश्चय करों,और आगे बढो। सफ्लता तुम्हारे पास अवश्य आएगी।एक बार निर्णय कर लेने पर विश्व की कोई सत्ता दृढ़ निश्चयी व्यक्ति को नही रोक सकती है।

- हेमा पांडेय

कुछ इश्क़ का रंग ही कच्चा था सुनहली धूप में उड़ गया। विश्वास में वो बात ही नहीं थी कच्ची इमारत सा पहली बरसात में ढह गया । बुने थे कुछ सपने जिन धागो में उसी में उलझ के ये जीवन रह गया । बिखरे इतने है कि पिरोना मुश्किल है अब ना मोती ही पूरे है ना सुई नाप की।

- ऋतु दुबे

आंखों में आकर ठहरा है, देखे जैसा इक चेहरा है... धड़कन धक-धक बोल रही है, मुख, संकोचों का पहरा है... प्रेम गगन से ऊंचा उड़ता, सागर से ज्यादा गहरा है... मन को कितना ही समझाएं, सुनता है, फिर भी बहरा है...। **- निश्चय बाजपेई**

यकीं कर कोई शायर तो कोई फ़क़ीर बन जाएगा, जो भी देख लें तुमको वो खुद तस्वीर बन जाएगा। ना फूलों की ज़रूरत है और ना ही इन कलियों की, जहां पर पैर रख दो तुम वहीं कश्मीर बन जाएगा। **- संजय सिंह भव्य**

फूल पलाश के फूले हैं ऐसे आग की ज्वाला दहकी हों, जंगल की शोभा बढ़ाते हैं, हर बसंत में खिल जाते हैं। छटा फूलों की प्यारी देखो, कोई नारी भगवा साड़ी में हो प्रकृति ने श्रृंगार किया खुद का जैसे सोने की झूमर हो पहने। पेड़ों की डालियों पर लदे हुए, मानो प्रकृति ने रंग भर दिए हों। दहक रहा है जंगल सारा महक रहा खुशबू से न्यारा। फागुन में पिय संग होली होगी टेशू के फूल की गुलाल बनेगी गोरी के सुंदर से मुखड़े पर केसरिया गुलाल खूब सजेगी। **- रश्मि ठाकुर**

दिल तुम्हारा अक्सर रहता है बीमार किसी दिन तुम भी समाचार बन जाओगे रहते हैं वादे खूब यहां तुम्हारे भी झूठे देखना किसी दिन तुम सरकार बन जाओगे न इतराओ अफसरी पर ये कुछ वर्षो का सुख है होने दो उम्र बैंसठ फिर तुम भी इतवार बन जाओगे इतराओ मत चुनके उन्हें न उम्मीद रखो बदलाव की बदल देगा कुर्सी उन्हें तुम आंसू की धार बन जाओगे।



- संत आर थवाइत



वो क्या गया मेरे जीवन के सारे वसंत लेता गया। वो था तो पतझड़ भी वसंत सा लगता था अब बहार का मौसम भी पतझड़ सा लगता है। वसंत क्या होता है नहीं जानती थी मैं; उसने मुझे एहसास कराया सच वसंत सा कुछ नहीं होता। उसका आना वसंत था और जाना पतझड़।

- पूजा 'बहार'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप धन लाभ की कामना से अधिकांश कार्य करेंगे लाभ होगा भी लेकिन खर्च लगे रहने से हाथ मे रुकेगा नही। कार्य व्यवसाय में तेजी मंदी लगी रहने के कारण बनी बनाई योजना लटकी रह जायेगी।

वृषः आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी संयम की कमी के चलते विपरीत फल मिलेंगे।

मिथुनः आज मानसिक चंचलता के कारण अच्छे बुरे का विवेक कम रहेगा। बिना सोचे बोलना आज भारी पड़ सकता है आपके लिये जो बातें मनोरंजन मात्र रहेंगी उनसे परिजन अथवा अन्य निकटस्थ का मन दुखी होगा।

कर्कः आज दिन प्रतिकूल बना हुआ है सोच समझ कर ही अथवा किसी के परामर्श के बाद ही कोई काम करें महिलाए आज अपनी अनदेखी होने पर गुस्से से भरी रहेंगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा लेकिन आकस्मिक खर्च अनियंत्रित रहने पर थोड़ी परेशानी भी होगी। दिन के आरंभ में परिजनो से व्यर्थ की बातों पर नोकझोंक होगी।

कन्याः आज का दिन आपको पैतृक सुख के साथ मनोरंजन के अवसर भी सुलभ कराएगा। दिन के प्रारंभ में आलस्य रहेगा छोटे मोटे दैनिक कार्य भी विलंब से होंगे। सेहत आज उत्तम रहेगी।

तुलाः आज भी शुभ प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा धर्म के प्रति आस्था तो रहेगी लेकिन एकाग्रता की कमी के कारण दैनिक पूजा पाठ भी व्यवहारिकता मात्र रहेंगे।

वृश्चिकः आज मानसिक उलझने दिन भर परेशान रखेंगी। कोई नापसंद कार्य मजबूरी में करना पड़ेगा आस पास का वातावरण अशान्त रहेगा आपके स्वभाव में भी रूखापन रहने के कारण स्नेहीजन दूरी बनाकर रहेंगे।

धनुः आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी चीज की कामना करेंगे उसे लड़कर अथवा जिद से पूरा कर लेंगे भले ही इससे किसी का मन खराब ही क्यों ना हो।

मकरः आज सेहत में सुधार आने से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन दिनचार्य आज भी अस्त व्यस्त ही रहेगी सोचे कार्य पूर्ण करने में सहयोग की कमी खलेगी। कार्य व्यवसाय में भी आज अधूरे काम पूरे करने पर ध्यान रहेगा।

कुंभः आज आप घर एवं बाहर सभी लोगो के दिल को अपनी कुशलता से जीतेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना आज कम रहेगी परमार्थ के लिये समय और धन खर्च करेंगे बदले में सम्मान की प्राप्ति होगी।

मीनः आज आप अपनी अथवा किसी नजदीकी की कार्यशैली से व्यथित रहेंगे। चाहकर भी परिस्थितियां अनुकूल नही बनने के कारण मन में उदासी रहेगी।

QUIZ TIME

1) विश्व नारियल दिवस हर साल किस दिन मनाया जाता है?

2) कटकारी जनजाति मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है?

3) 2024 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया है?

4) अटल इनोवेशन मिशन किस संस्थान की प्रमुख पहल है?

5) भगवान बुद्ध के देवनीमोरी अवशेष मूल रूप से भारत के किस राज्य से हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2 सितंबर (2) महाराष्ट्र और गुजरात (3) डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन (4) नीति आयोग (5) गुजरात

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 329

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. खूब कसा हुआ, फुर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 328 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	य
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	वा	■	शो	ला
रा	र	■	■	■	ही	र	क	■

न्यूज गैलरी

शमशाबाद में अशासकीय स्कूल संचालकों की बैठक, फीस, पाठ्यक्रम व छात्र सुरक्षा पर सख्त निर्देश

विदिशा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आज शमशाबाद के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री अजय प्रताप सिंह पटेल की अध्यक्षता में अशासकीय विद्यालय संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था , फीस निर्धारण, पाठ्यक्रम, आरटीई प्रवेश तथा छात्र सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक के दौरान एसडीएम ने स्कूलों में लागू पाठ्यक्रम की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक पाठ्यक्रम ही संचालित किया जाए। किसी भी विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकें या गणवेश किसी एक विशेष दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य न किया जाए। फीस विनियमन अधिनियम 2017 एवं उसके संशोधन वर्ष 2020 व 2025 के प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि पालकों से नियमानुसार ही शुल्क लिया जाए। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त या अवैध वसूली न की जाए। साथ ही कहा गया कि आरटीई अंतर्गत स्वीकृत सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। आरटीई विद्यार्थियों की फीस का भुगतान शासन स्तर से किया जाता है, अतः उनके सभी आवश्यक दस्तावेज व्यवस्थित रूप से संधारित किए जाएं। एसडीएम श्री पटेल ने स्पष्ट किया कि किसी भी विद्यार्थी का अध्ययन कार्य फीस के अभाव में बाधित नहीं होना चाहिए। फीस के कारण किसी भी छात्र की टीसी (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) या मार्कशीट रोके जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छात्रों के परिवहन को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। विद्यालयों में केवल शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुरक्षित वाहनों का ही उपयोग किया जाए। वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक विद्यार्थियों को न बैठाया जाए तथा सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त यू-डाइस (न्कैप्म), छात्र प्रोफाइल, अपार आईडी, इको क्लब सहित अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी अशासकीय विद्यालय संचालक उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग की ओर से बीईओ, बीआरसी एवं जनशिक्षक भी बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने शासन के नियमों का पालन सुनिश्चित करने एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया गया है।

आंगन की आवाज' में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रस्तुत किए नवाचार, कलेक्टर ने सराहा

विदिशा/नवप्रदेश। विदिशा जिले में शाला पूर्व शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'सृजन आंगन की आवाज' विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित प्री-स्कूल एजुकेशन के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों को मंच प्रदान करना तथा उत्कृष्ट प्रयासों को अन्य केंद्रों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना था।

नवाचारों की जीवंत प्रस्तुति

संगोष्ठी में विदिशा ब्लॉक की 10 चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी अनूठी शिक्षण पद्धतियों को साझा किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे बच्चों को कविता, कहानी, कठपुतली (पपेट शो), चित्रों एवं खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से सहज और आनंददायक तरीके से शिक्षा प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत नवाचारों ने यह स्पष्ट किया कि सीमित संसाधनों में भी रचनात्मकता और समर्पण से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सकती है। कार्यकर्ताओं ने शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) का उपयोग कर बच्चों को पढ़ाने की प्रक्रियाओं का सजीव प्रदर्शन किया। खेल-खेल में अक्षर, संख्या और बुनियादी अवधारणाएं सिखाने के तरीके विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

प्रदर्शनी स्टॉल्स

शाला पूर्व शिक्षा से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जहाँ न्यूनतम लागत में तैयार की गई प्रभावी शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया। स्थानीय संसाधनों से बनाए गए खिलौने और गतिविधि-आधारित सामग्री को अधिकारियों ने विशेष रूप से सराहा।

अधिकारियों ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर विदिशा, सीडीपीओ विदिशा एवं सीडीपीओ (नवीन), जनपद शिक्षा केंद्र के 4 बीएसी तथा क्लस्टर के व्याख्याता विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्पण, नवाचार और रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत होगी। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से इस प्रकार की पहल आगे भी निरंतर जारी रखी जाए। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने की बात कही। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के नवाचारों को बढ़ावा देने पर बल दिया है।

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में नई गाइडलाइन के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिए निर्देश गाइडलाइन ऐसी हो जिससे लोगों पर कम आर्थिक बोझ पड़े और सरकार को उचित राजस्व मिले

ग्वालियर/नवप्रदेश। जिले में अचल सम्पत्ति की गाइडलाइन में ऐसे प्रस्ताव शामिल करें, जो वास्तविक बाजार मूल्य के नजदीक हो। साथ ही अचल सम्पत्ति का पंजीयन कराने वाले लोगों पर कम आर्थिक बोझ आए और सरकार को भी उचित राजस्व प्राप्त हो। प्रस्तावित गाइडलाइन पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करें और उनके निराकरण के बाद गाइडलाइन को अंतिम रूप देने की आगे की कार्यवाही की जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले की अचल सम्पत्ति के मार्गदर्शक सिद्धांत (गाइडलाइन वर्ष 2026-27) के प्रारंभिक प्रस्ताव प्रारूप पर चर्चा के दौरान जिला पंजीयक को दिए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिये तैयार हो रही गाइडलाइन के प्रारूप पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रस्तावित गाइडलाइन की मुख्य बातें

वरिष्ठ जिला पंजीयक श्री अशोक शर्मा ने बताया कि जिले की 522 लोकेशन्स पर 20 प्रतिशत, 531 लोकेशन्स पर 20 से 50 प्रतिशत और 103 लोकेशन्स पर 50 से 80 प्रतिशत तक की वृद्धि प्रस्तावित है। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में 100 प्रतिशत से अधिक लोकेशनों पर कलेक्टर द्वारा सदस्यों से चर्चा की गयी। साथ ही अनावश्यक बढ़ाई गई दरों को घटाने अथवा पास वाली लोकेशन मैं मर्ज किए जाने के निर्देश वारिष्ठ जिला पंजीयड़ को बैठक में बताया गया कि 29 किलोमीटर लंबे वेस्टर्न बायपास (निरावली-रायरू से पनिहार) के बनने से आसपास के गांवों में जमीनों के दाम तेजी से बड़ रहे हैं। इसी तरह नए क्रिकेट स्टेडियम, आईएसबीटी (ढ्ढस्क्चक्ष), शिवपुरी व मुरैना लिंक रोड पर खुल रहे नए ऑटोमोबाइल शोरूम, कॉलेज और आवासीय कॉलोनियों के कारण इन क्षेत्रों में जमीनों की दरों में बड़ा इजाफा हो रहा है। इन सबको ध्यान में रखकर गाइडलाइन में प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे। ऐसे क्षेत्र जहाँ आसपास गाइडलाइन दरें अधिक थीं, लेकिन कम दर वाली छोटी लोकेशन दिखा कर रजिस्ट्री करा लेते थे थे, उन लोकेशन्स को अब समीप की लोकेशन में मर्ज कर किया जायेगा। जो सड़कें एक से अधिक वार्डों (जैसे एबी रोड, तानसेन रोड) में आती हैं, वहां अब एक समान दरें लागू होंगी। डबरा के समीपवर्ती गांवों (धई, धवा आदि) को तेजी से हो रहे विकास के कारण %विशिष्ट ग्राम% का दर्जा दिया गया है। वहीं, भितरवार में आर्मी कैंप लिंक रोड और नए ओवरब्रिज के निर्माण से जमीनों के बढ़े दाम और बाजार मूल्य को ध्यान में रखकर 227 लोकेशन्स के पंजीयन दाम प्रस्तावित किए गए हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक श्री अशोक शर्मा ने बताया कि मुरार और बड़ागाँव क्षेत्र : खुरेरी ,सैंथरी ,ओहदपुर, अलापुर,डोंगरपुर, महलगाव, बेहटा,सिकरोदा और बेहटा जैसे क्षेत्रों में आवासीय कॉलोनियों और नए प्रोजेक्ट्स के कारण कलेक्टर गाइडलाइन में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। इसी तरह ए बी रोड, मुरैना लिंक रोड, पिपरौली, सालपुरा, नाका चंद्रवदनी मुख्य रोड व आनंद नगर में बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है। बैठक में बताया गया कि अगले वित्तीय वर्ष के लिए जिले की नई कलेक्टर गाइडलाइन का प्रारूप उपमूल्यांकन समिति ग्वालियर, डबरा, भितरवार द्वारा प्रस्तावित जिले की कुल 2224 लोकेशन्स का बारीकी से परीक्षण कर तैयार किया गया है। अगले वित्तीय वर्ष की गाइडलाइन तय करने के लिये मौजूदा वित्तीय वर्ष में गाइडलाइन से अधिक मूल्य पर हुई अचल सम्पत्ति की रजिस्ट्रियों का अध्ययन किया गया है। साथ ही यह भी देखा गया है कि किन-किन क्षेत्रों में अधिक रजिस्ट्री हुई हैं। इसके अलावा ऐसे क्षेत्र जो टीएनसीपी, रैरा एवं नगर निगम के मानचित्र में शामिल हैं। ऐसी नई कॉलोनियां जिन्हें जोड़ने के लिये पक्की सड़कों का निर्माण हुआ है।

100 दिवस से अधिक सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का प्रमुखता से करें निराकरण - संभागायुक्त सिंह

खाद्य आपूर्ति अधिकारी विदिशा को दिया गया कारण बताओ नोटिस समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

भोपाल/नवप्रदेश। संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग के सभी जिलों में सीएम हेल्पलाइन में लंबित 100 दिवस से अधिक शिकायतों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए खाद्य आपूर्ति अधिकारी विदिशा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी जिलों के सीएम हेल्पलाइन प्रभारी एडीएम को प्रत्येक सप्ताह राजस्व संबंधी शिकायतों के रिव्यू कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग विदिशा की लंबित शिकायतों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। किसान सम्मान निधि एवं प्राकृतिक आपदा राहत वितरण राशि के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण न करने वाले तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में विदिशा जिले की लंबित शिकायतों के लिए राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता को विदिशा जिले में राजस्व अधिकारियों की बैठक कर शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने कलेक्टर्स - कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कृषि एवं एलाइड विभागों की समीक्षा करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यानिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत भोपाल संभाग के सभी जिलों में कृषि एवं एलाइड विभागों के फसलों, उद्यानिकी क्लस्टर के अंतर्गत भोपाल जिले में प्याज, लहसुन, सब्जी मसाला क्षेत्र विस्तार का 400 हेक्टेयर रकबा, विदिशा, सीहोर, रायसेन में टमाटर, प्याज, लहसुन क्षेत्र विस्तार का 600 हेक्टेयर रकबा एवं राजगढ़ में संतरा क्षेत्र विस्तार के रकबे का डीपीआर प्रारूप तैयार कर वर्ष 2026-27 के लक्ष्य निर्धारित करें। इसके साथ ही प्याज, लहसुन एवं टमाटर की पोस्ट हार्वेस्टिंग देश की बेहतरीन तकनीक, संबंधित रिसर्च इंस्टीट्यूट भ्रमण करें एवं विस्तृत अध्ययन कर कार्य योजना की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, राजस्व प्रकरणों दर्ज नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों को अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर तय समय में निराकृत करें एवं संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। संभागायुक्त श्री सिंह ने कलेक्टर्स - कमिश्नर्स कांफ्रेंस के बिंदुओं पर अधिकारियों से प्राथमिकता से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान कल्याण वर्ष 2026 के दृष्टिगत किसान एवं कल्याण विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, एवं मत्स्य पालन विभाग को विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से मकान क्षति, पशु हानि संबंधी प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि देने का कार्य समय से करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) डॉ. विनोद यादव, उपायुक्त राजस्व श्रीमती किरण गुप्ता, संयुक्त संचालक श्रीमती नकी जहां कुरैशी, संयुक्त संचालक मत्स्य श्रीमती शशि गोलाइ, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग श्री सुनील परनाम, संभागीय, संयुक्त संचालक उद्यानिकी श्रीमती जयमाला सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें - कलेक्टर

सीहोर/नवप्रदेश। सीहोर जिले में कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य तथा सहकारिता विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में विभागवार लक्ष्य, उपलब्धियों एवं लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कृषि विभाग द्वारा लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों की नियमित जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकालीन फसल लेने वाले किसानों को तिलहन फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिल सके और किसानों की आय में वृद्धि हो। साथ ही उन्होंने उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं सुगम वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए अधिकारी फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया जाए तथा नए हितग्राहियों को भी जोड़ने के प्रयास किए जाएं।

52 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिए ई-टेंडर जारी

राजगढ़/नवप्रदेश। सर्वसाधारण एवं आबकारी के फुटकर ठेकेदारों की जानकारी के लिये राज्य शासन/आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार निविदा प्रकाशित की गई है। राजगढ़ जिले में वर्ष 2026-27 में अर्थात 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिए जिले के कुल 33 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के समूहों में से फाईनल रेन्डमाईजेशन पश्चात कम्पोजिट मदिरा दुकानों के 11 समूहों में सम्मिलित 52 मदिरा दुकानों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। साथ ही ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 02 मार्च 2026 को दोपहर 02:00 बजे तक रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 02 मार्च, 2026 को दोपहर 02:05 बजे से, ई-टेण्डर कम ऑक्शन अन्तर्गत ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होने की तिथि 02 मार्च, 2026 को दोपहर 03:30 बजे से सायंकाल 05:30 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनट के अन्तराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि), ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समय संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 02 मार्च, 2026 को सायंकाल 06:00 बजे (जो भी बाद में हो) तथा जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों में उपरोक्त कार्यक्रम की तिथियों में परिवर्तन एवं निष्पादन का आगामी कार्यक्रम निर्धारित करने का अधिकार आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश को होगा। इच्छुक आवेदको द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन की प्रक्रिया शर्त एवं निर्बन्धन एनआईसी के पोर्टल (https//mptenders.gov.in) एवं मध्यप्रदेश आबकारी की वेबसाइट www.e&cise.mp.gov.in से डाउनलोड की

कलेक्टर सिंह ने किया बैरसिया का दौरा

फार्मर रजिस्ट्री,पराली प्रबंधन और बसई तालाब संरक्षण पर दिए निर्देश

भोपाल/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बैरसिया अनुभाग के दौरे के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय एवं तहसील कार्यालय बैरसिया के कार्यों का निरीक्षण किया तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसीलदार बैरसिया को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इसके लिए ग्राम-वार कार्यक्रम बनाकर पटवारियों को सक्रिय किया जाए और लक्ष्य की शीघ्र शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि रबी फसल की कटाई के बाद कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जाए और पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी प्रभावित होती है। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित प्रकरणों का समयसीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैरसिया तहसील का निराकरण औसत राज्य औसत से कम नहीं होना चाहिए। दौरे के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका बैरसिया के कार्यों की भी समीक्षा की। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी दी कि नगर में अमृत 2.0 एवं कायाकल्प योजना के अंतर्गत विकास कार्य जारी हैं। कलेक्टर ने बसई तालाब के पास स्थित माड़ा इमली क्षेत्र तथा बसई तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बसई तालाब के जल ग्रहण क्षमता बढ़ाने के प्रयास किए जाएं तथा जलग्रहण क्षेत्र में यदि अतिक्रमण हो तो उसे हटाया जाए, ताकि वर्षा ऋतु में तालाब अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप जल संचय कर सके। कलेक्टर ने माड़ा इमली वृक्ष क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण कर इसे जन-सुविधाओं से युक्त विकसित करने के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय ओलिंपियाड सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

राजगढ़/नवप्रदेश। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विगत दिवस कक्षा 2 से 8 के शासकीय शालाओं के बच्चो के लिए जनशिक्षा केंद्र स्तर की ओलिंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन 18 नवंबर, 2025 में किया गया था , जिसके परिणाम पश्चात चयनित बच्चों के लिए जिला स्तरीय ओलिंपियाड प्रतियोगिता 17 एवं 18 जनवरी को आयोजित की गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए चयनित कक्षा 2 से 8 के प्रत्येक विषय में प्रथम आए 32 बच्चों को जिला स्तर पर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उनके विषय शिक्षक और पालक अभिभावक को बुलाया गया। साथ ही शुक्रवार को डाइट राजगढ़ में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज रही। सहभागियों का पंजीयन कार्य श्रीमती विनीता सक्सेना, श्री गिरीश शर्मा और श्रीमती राजेश तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमती भारद्वाज सहित डाइट प्राचार्य श्रीमती शीला पाटोदिया, डीपीसी श्री आर.के. यादव द्वारा मां सरस्वती पूजन से की गई। कार्यक्रम में छात्रा माही, वेदांशी जायसवाल द्वारा अपनी ओलिंपियाड तैयारी और सफलता के बारे में सभी को बताते हुए अपने परिवार और शिक्षक को अपनी सफलता का श्रेय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती भारद्वाज द्वारा बच्चों को अपने छात्र जीवन के स्मरण सुनाए और उपस्थित पालकों पिता/माताओं को बच्चे के सर्वांगीण विकास की सोच के साथ प्रेरित करने और अच्छा माहौल घर में बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में अपने विषय में प्रथम आए बच्चों को उपहार जिसमें स्कूल बैग, लंचबॉक्स, बोतल, ड्राइंग बॉक्स के साथ ट्रैक सूट, टी शर्ट, कैप एवं शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए। बच्चों के साथ उस विषय का अध्यापन कराने वाले साथ आए शिक्षकों का भी जिला स्तर पर प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डाइट व्याख्याता श्रीमती अनीसा बेग द्वारा किया गया, बच्चों को कार्यक्रम के दौरान जीवन मूल्य, पर्यावरण और जीवन में सफलता पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन श्री सोना अवस्थी और एपीसी श्री ओपी नामदेव द्वारा किया गया। डीपीसी श्री यादव द्वारा बताया गया कि जिले में प्रथम चरण में प्राथमिक में 17130 और माध्यमिक कक्षाओं में 11522 बच्चों का पंजीयन हुआ था। दोनों चरणों की प्रतियोगिताएं ओएमआर पर पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नपत्र पर हुई थी और मूल्यांकन भोपाल में राज्य स्तर से किया

समीक्षा बैठक : ईई, एसडीओ व सब इंजीनियर को नोटिस, वेतन रोकने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग की विस्तृत बैठक ली। बैठक में स्कूल एवं महाविद्यालय सहित अन्य भवनों के निर्माण में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया गया।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्कूल एवं महाविद्यालय भवनों का निर्माण समय पर नहीं होना गंभीर लापरवाही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। उन्होंने निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ नहीं करने एवं संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने पर कार्यपालन अभियंता (ईई), एसडीओ मुंगेली एवं सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सब इंजीनियर सूर्य प्रकाश राजपूत का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। गोड़खाम्ही में भवन निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और कहा कि यदि कार्य

समय पर पूर्ण होते तो विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल पाता। बैठक में प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रशासकीय स्वीकृति, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा कार्य पूर्णता की स्थिति की जानकारी ली। जिन सड़कों का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उनके कारणों की जानकारी लेते हुए संबंधित ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोटा-लोरमी-पंडरिया मार्ग चौड़ीकरण, बोधापारा-बोड़तरा मार्ग चौड़ीकरण, सरगांव से साकेत मार्ग मजबूतीकरण, बंधवा पुल से गोड़खाम्ही पहुंच मार्ग, मुंगेली से परसवारा, हरदी से भस्करा पहुंच मार्ग, कंतेली-सूरजपुरा-डिंडौरी-कोयलारी मार्ग, सरईपतेरा-हरदीबांध-उरईकछार तथा पथर्री से डिंडोरी पहुंच मार्ग सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग टूल विकसित किए जाएं तथा नियमित निरीक्षण कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने दोहराया कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं। इस दौरान वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव सहित संबंधित अधिकारी और ठेकेदार मौजूद रहे। नगरीय निकायों की समीक्षा, कलेक्टर ने बेहतर गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश- कलेक्टर ने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निविदा प्रक्रिया, स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। खराब गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

न्यूज गैलरी

आधार सीडिंग और ई-केवाईसी के लिए विशेष अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान सीधे डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों का आधार नंबर बैंक खाते से सीडेड होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही छात्र का नाम परिवार के राशन कार्ड में दर्ज होना भी आवश्यक होगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के समस्त बैंकों को निर्देशित किया है कि स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के निःशुल्क बैंक खाते खोले जाएं। जिन विद्यार्थियों के बैंक खातों में अभी तक आधार सीडिंग नहीं हुई है, उनके खातों को प्राथमिकता के आधार पर आधार से लिंक किया जाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग, बैंक प्रबंधन और स्कूल प्रशासन के बीच समन्वय बनाकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों का नाम परिवार के राशन कार्ड में जोड़ने तथा शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से ई-केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत प्रक्रिया तेज

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (सबके लिए आवास) के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार आबादी भूमि पर काबिज पात्र परिवारों को योजना से लाभान्वित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस निर्णय से ऐसे परिवारों का वर्षों पुराना पक्का मकान का सपना साकार होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार नगर क्षेत्र में 31 अगस्त 2024 से पूर्व किसी भी प्रकार की आबादी (प्रचलित अथवा सुरक्षित) भूमि पर काबिज हितग्राही योजना के लिए पात्र होंगे। इसके लिए आवेदक को उक्त तिथि से पूर्व कब्जे के साक्ष्य स्वरूप आबादी भूमि का पट्टा (अस्थायी कालातीत), विद्युत देयक रसीद, संपत्तिकर रसीद और समेकित कर रसीद में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित भूमि पूर्णतः विवादमुक्त होना आवश्यक है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लोरमी चन्दन शर्मा ने बताया कि शासन के निर्णय के अनुपालन में ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का गहन परीक्षण किया जा रहा है। अब तक लगभग 67 ऐसे हितग्राहियों को चयनित किया गया है, जो आबादी भूमि पर काबिज हैं। उनकी सूची तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही को पक्का मकान निर्माण हेतु अधिकतम 02 लाख 82 हजार रुपये तक की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। नगर के पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना ऑनलाइन आवेदन शीघ्र प्रस्तुत करें। सत्यापन उपरांत पात्र पाए जाने पर उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

14 मार्च को होगी वर्ष 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय की दिशा में एक प्रभावी माध्यम है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है तथा आपसी सौहार्द भी बना रहता है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मरावी के मार्गदर्शन में लोक अदालत के संबंध में मुंगेली, पथरिया, जरहागांव और लोरमी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैनर, पोस्टर एवं प्रचार वाहनों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है। साथ ही थानों में उपस्थित पैरालीगल वॉलंटियर्स के जरिए भी आमजन को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती कंचन लता आचला ने बताया कि जिला न्यायालय परिसर मुंगेली, व्यवहार न्यायालय लोरमी तथा राजस्व न्यायालय मुंगेली, पथरिया, जरहागांव और लोरमी में एक ही दिन एवं एक ही समय पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी सहमति से प्री-लिटिगेशन एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इनमें जलकर, नलकर, भूमिकर, संपत्तिकर, समेकित कर, विद्युत विभाग, टेलीकॉम, बैंक रिकवरी से संबंधित प्रकरणों के साथ ही राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, यातायात प्रकरण, दीवानी प्रकरण, राजस्व प्रकरण, पारिवारिक विवाद एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलों का भी निराकरण किया जाएगा।

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एमडीए अभियान



मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सामूहिक दवा सेवन एमडीएम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 8 लाख 46 हजार 374 नागरिकों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है। इस अभियान के तहत जिले में 99.4 प्रतिशत नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया रोधी समूहिक दवा संवन अभियान में आशा कार्यकर्ता, आगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति को उम्र एवं ऊंचाई के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा रहा है। जिससे फाइलेरिया के ट्रांसमिशन को खत्म किया जा सके। जिले को हाथीपांव फाइलेरिया जैसी असाध्य बीमारी से मुक्त करने एवं भ्रांतियों को दूर करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर संदेश दिया कि वह दवा पूरी तरह सुरक्षित है।

गुरूकुल विद्या मंदिर टेमरी में आधार कार्य का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। गुरूकुल विद्या मंदिर टेमरी में कलेक्टर ने आधार पंजीयन एवं बायोमैट्रिक अपडेट कार्य का निरीक्षण किया।उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य को शीघ्र, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि आधार अपडेट होने से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति सहित अन्य सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि अद्यतन आधार से दस्तावेजों को डिजिलॉकर में सुरक्षित रखना भी आसान हो जाता है।उन्होंने विद्यालय स्तर पर शत-प्रतिशत आधार पंजीयन एवं बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है जिले के चिन्हांकित स्कूलों में 'मोर आधार मोर पहचान' अभियान के अंतर्गत 05 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अद्यतन एवं नए आधार पंजीयन हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से शासकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत ऐसे बच्चों, जिनका आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है या जिनका बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है, उनका विद्यालय परिसर में ही पंजीयन कर आधार कार्ड तैयार किया जा रहा है। इससे अभिभावकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और समय की बचत हो रही है। इस दौरान अपर कलेक्टर जी.एल.यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ईडीएम चिप्स की जिला प्रबंधक सोनम तिवारी ने बताया कि अब तक 11 हजार 50 से अधिक बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट एवं नए आधार पंजीयन किए जा चुके हैं। जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति के प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की इस पहल से विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सकेगा तथा आधार सेचुरेशन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित होगी।

प्रगति और जिले में आधार सेचुरेशन

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर जी.एल. यादव और मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। ईडीएम चिप्स की जिला प्रबंधक सोनम तिवारी ने बताया कि अब तक 11,050 से अधिक बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट और नए आधार पंजीयन किए जा चुके हैं। जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति के प्रयास लगातार जारी हैं। इस पहल के माध्यम से शासकीय और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को आधार पंजीयन एवं बायोमेट्रिक अपडेट में सुविधा मिल रही है।

मारवाड़ी मुक्तिधाम में नवीन पम्पसेट का उद्घाटन

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के सार्वजनिक एवं संवेदन शील स्थानों पर आवश्यक रूप से जल सुविधा उपलब्ध करानें के उद्देश्य से मारवाडी मुक्तिधाम परिसर में जल व्यवस्था हेतु ट्यूबवेल खनन का कार्य नगर पालिका द्वारा कराया गया।

मारवाड़ी मुक्तिधाम परिसर में जल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से नवीन ट्यूबवेल में पम्पसेट का विधिवत उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षद, विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्य नगर पालिका परिषद के सहयोग से संपन्न हुआ, जिससे मुक्तिधाम में आने वाले नागरिकों को आवश्यक जल सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। उद्घाटन अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, दानदाता एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ने अपने संबोधन में कहा कि मुक्तिधाम एक अत्यंत संवेदनशील एवं श्रद्धा का स्थल है, जहाँ मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस पम्पसेट के प्रारंभ होने से अंतिम संस्कार के समय जल संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी और व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित रहेगी। नपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि मुक्तिधाम के लिए जरूरी सभी कार्य तत्परता से किये जायेंगे। नपा उपा ने कहा कि नगर के सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस मुक्तिधाम में पूरे विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। पार्षद ने कहा मारवाड़ी मुक्तिधाम समिति से शुरू से जुड़े होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं होने देंगें। कार्यक्रम का संचालन मारवाड़ी मुक्तिधाम समिति के महामंत्री नवरतन जैन ने किया एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष नरेन्द्र कोटड़िया ने किया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक कन्हैयालाल कोटड़िया, रवि पुराणिक सहित सक्रिय सदस्यगण राजकुमार जैन, संदीप चोपड़ा, दिनेश गोयल, अभिषेक लोढ़ा, गिरीश सुथार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

प्रसव कक्ष, वार्ड और दवा भंडार का लिया जायजा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं हेल्थ ओआईसी ने मुंगेली विकासखंड अंतर्गत पंडरभट्ठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं, दवा वितरण व्यवस्था तथा स्टॉक रजिस्टर एवं पंजी का गहन अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं एवं उपचार

उपलब्ध हों। अपर कलेक्टर ने प्रसव कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड एवं दवा भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजस्थान भवन की नवीन कार्यकारिणी गठित

श्याम सुन्दर पोद्दार अध्यक्ष, विजय बने सचिव

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था राजस्थान भवन की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया गया है।

पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष श्याम सुन्दर पोद्दार ने अपनी टीम की घोषणा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारियों और समितियों की नियुक्ति की है।अध्यक्ष श्याम सुन्दर पोद्दार द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, विजय गाड़ोदिया

को सचिव और आनन्द सर्राफ को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में निम्नलिखित नियुक्तियां की गई हैं:उपाध्यक्ष: राजेन्द्र पंसारी सहसचिव: सुदीप पोद्दार विभागीय समितियां संस्था के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए विशिष्ट समितियों का भी गठन किया गया है:अनुशासन समिति: कैलाश तोदी, निरंजन मित्तल एवं सोहन पोद्दार। वित्त समिति: व्यंकटेश अग्रवाल, पंकज गोयल एवं सार्थक अग्रवाल। डी.जे. साउण्ड सिस्टम समिति: (शिकायत एवं सहमति हेतु) पवन गोयल, रघुनाथ पोद्दार, श्याम सुन्दर पोद्दार एवं विजय गाड़ोदिया। कार्यभार संभालते ही अध्यक्ष श्याम सुन्दर पोद्दार ने कहा कि संरक्षकों और अनुभवी पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाना ही मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में जनहित को ध्यान में रखते हुए स्टेशन रोड पर 'अस्थाई प्याऊ' का संचालन किया जाएगा।

3 एवं 5 मार्च को आयोजित स्थानीय परीक्षाएं, संशोधन करने के निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। होली पर्व के मद्देनजर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के समस्त अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों/प्रधान पाठकों को निर्देश जारी किया गया है कि दिनांक 03 मार्च 2026 एवं 05 मार्च 2026 को विद्यालय स्तर से आयोजित की जाने वाली स्थानीय परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाएं। जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावक संघ द्वारा अवगत कराया गया था कि 04 मार्च 2026 को होली पर्व होने के कारण एक दिन पूर्व एवं एक दिन पश्चात आवागमन में कठिनाई की संभावना रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा तिथियों में संशोधन का अनुरोध किया गया था। जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के हित एवं सुगम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उक्त तिथियों में परीक्षाएं स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया है।

जनदर्शन कक्ष में 'कोटवार सम्मान समारोह 2026' का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश।-जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में बदलाव की शुरुआत, सुरक्षा के साथ'' कोटवार सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शामिल हुए। साथ ही कलेक्टर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था, सूचना तंत्र एवं प्रशासन-पुलिस समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। जिले भर से आए कोटवारों का सम्मान किया गया तथा ग्राम सुरक्षा और जनजागरूकता में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि कोटवारों को पहल कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने दायित्वों का और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने नशे की रोकथाम, साइबर फ्रॉड तथा अन्य अपराधों की रोकथाम में कोटवारों की सक्रिय भूमिका को अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने ÷सशक्त-सीजी पुलिस ऐप÷ की जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐप के माध्यम से वाहन नंबर दर्ज कर उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। महानिरीक्षक श्री गर्ग ने बताया कि सभी पुलिस थानों में क्यू आर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें अपने मोबाइल से स्कैन करके कोई भी व्यक्ति अपना फीडबैक दे सकता है। उन्होंने ऐप के माध्यम से अपना अनुभव व सुझाव दर्ज करने के लिए आमजनों को प्रेरित करने कोटवारों से अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जब मंशा स्पष्ट हो और कार्यप्रणाली में समर्पण हो, तो सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलते हैं। उन्होंने जिले को मिली विभिन्न उपलब्धियों में कोटवारों की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कोटवारों का सूचना तंत्र मजबूत होने से प्रशासन को जमीनी स्तर की सटीक जानकारी समय पर मिलती है। एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुगमता से संपन्न कराने में उनकी मेहनत और समर्पण की बड़ी भूमिका रही। धान खरीदी जैसे संवेदनशील कार्य का सफल संचालन बिना किसी अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था की स्थिति के संभव हो पाया, जिसमें अधिकारियों और कोटवारों के बेहतर समन्वय का विशेष योगदान रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ÷पहल÷ कार्यक्रम के अंतर्गत दिए गए साइबर प्रशिक्षण को गांव-गांव तक पहुंचाकर कोटवारों ने लोगों को जागरूक किया, जिसका परिणाम यह रहा कि पूरी धान खरीदी अवधि में भुगतान से संबंधित साइबर ठगी की एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जिले के सभी थानों में प्राप्त शिकायत के आधार पर अपराधियों के ऊपर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। वनमंडलाधिकारी ने ÷पहल÷ कार्यक्रम को नई दिशा देने वाली पहल बताते हुए कहा कि कोटवारों ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दिया है। ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रमों में उनकी उल्लेखनीय भागीदारी रही है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि कोटवार गांवों में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति में प्रशासन और पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग को स्मृति चिन्ह भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को शॉल एवं डायरी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कोटवारों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नवनीत कौर एवं मयंक तिवारी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में कोटवार मौजूद रहे।

प्रथम पेज का शेष

अविमुक्तेश्वरानंद की ...

दाखिल की थी। हालांकि, राज्य सरकार के वकीलों ने अदालत में इस जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया है। गौरतलब है कि यह मामला तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी की याचिका पर दर्ज हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के खिलाफ कुकर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। इस कानूनी लड़ाई के बीच शंकराचार्य के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी को बुधवार रात जान से मारने और वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 घंटे के भीतर आरोपी अजीत कुमार सरोज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लॉ का छात्र है और उसने पूछताछ में बताया कि उसने अपने पड़ोसी को फंसाने के लिए यह धमकी भरा मैसेज भेजा था।

शराब घोटाले में ...

को बरी किए जाने पर सीबीआई ने कहा कि जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज किया गया या पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तुरंत दिल्ली हाई कोर्ट में अपील करेंगे।

एमपी विधानसभा की कार्यवाही

बनाकर विधि-विधान से तीन दिन तक हवन कराया, भगवान की स्थापना करवाई और उसके बाद शिव बारात का कार्यक्रम रखा गया। शिव बारात में पालकियों और घोड़ों पर साधु-संत और ब्राह्मण सवार थे, फूल वर्षा हो रही थी और पटाखे चल रहे थे। मैं भी घोड़े पर सवार था। मेरे पास एक चढ़ीमार का एक राउंड था, जो दावत का राउंड होता है। भगवान की खुशी में मैंने एक हर्ष फायर किया। वह सिर्फ एक ही राउंड था। मेरे पास कोई एके 47 नहीं थी। मैं कोई उग्रवादी नहीं हूं, बल्कि यज्ञ का यजमान था।

स्वतंत्रता संग्राम में अमर

उनकी स्मृतियों से जुड़ा उनके पैतृक घर को आज़ाद कुटिया के रूप में संरक्षित किया गया है। यह अब शहीद स्मारक और पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित हो चुका है।

क्रांति का तेजस्वी स्वर थे

दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय नायकों के बलिदान और योगदान को नमन करते हुए प्रदेश के जन-जन तक पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आलीराजपुर में 1800 करोड़ लागत वाली नर्मदा सिंचाई परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इससे 170 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। हमारे जनजातीय अंचल के किसानों को भी सिंचाई सुविधाओं का पूरा लाभ मिलेगा। किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को किसानों के लिए समर्पित किया है। हमारी सरकार लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की राशि दे रही है। साथ ही किसान भाइयों में खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 12 हजार (6 हजार केंद्र और 6 हजार रूपये राज्य) द्वारा दिये जा रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में भरी उड़ान, सह-पायलट बन रचा इतिहास

जैसलमेर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में सह-पायलट के तौर में उड़ान भर कर इतिहास रच दिया है।द्रौपदी मुर्मू स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में सह-पायलट बनकर उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति हैं।

एलसीएच प्रचंड ने जैसलमेर स्थित भारतीय वायु सेना (आईएएफ) स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। जैतून के हरे रंग की वर्दी और हेलमेट पहने हुए उन्होंने प्रस्थान करने से पहले कॉकपिट से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। यह उड़ान लगभग 25 मिनट तक चली। पोखरण फायरिंग रेंज के ऊपर से गुजरा, जहां भारतीय वायुसेना शाम को 'वायु शक्ति' नामक अग्नि शक्ति प्रदर्शन आयोजित करेगी। राष्ट्रपति मुर्मू दिन-दुशाला-रात्रि प्रदर्शन का भी अवलोकन करेंगी। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफमार्शल ए. पी. सिंह ने राष्ट्रपति का जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर स्वागत किया। आज की इस उड़ान के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आक्रमण हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बन गई हैं। यह राष्ट्रपति द्वारा अग्रिम मोर्चे के सैन्य प्लेटफॉर्म के साथ उच्च-स्तरीय सहभागिता की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने दिया राष्ट्र के नाम संदेश

भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान कॉकपिट से राष्ट्र के नाम संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, 'प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रतीक है। इस समय मैं जैसलमेर जिले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मैं हमारे वीर सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। आपको मेरा सादर सलाम। जय हिंद, जय भारत।'

न्यूज गैलरी

किसान मोर्चा बढ़ाएगा सरकार की टेंशन

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने गुरुवार को दो राष्ट्रव्यापी अभियानों की घोषणा की। इनका उद्देश्य राज्य सरकारों पर प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध करने, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को बर्खास्त करने की मांग करने और राज्यों की वित्तीय स्वायत्तता बहाल करने के लिए जीएसटी कानून में संशोधन करने का दबाव बनाना है। एसकेएम ने कहा कि उसकी राज्य और राष्ट्रीय समितियों के सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडल सभी राज्यों में मुख्यमंत्रियों और विपक्ष के नेताओं से मिलेंगे। इस मुलाकात में किसान संगठन की ओर से उठाए गए मुद्दों पर प्रस्ताव पारित करने के लिए विशेष विधानसभा सत्र बुलाने की मांग करेंगे। एसकेएम ने एक ज्ञापन में राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे केंद्र से अमेरिका के साथ उस व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर न करने का अनुरोध करें, जिसे उसने 'राष्ट्र-विरोधी' समझौता बताया है। इसमें पीयूष गोयल को 'किसानों के हितों के साथ विश्वासघात' करने के लिए बर्खास्त करने और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के उस पत्र को वापस लेने की मांग की गई है, जिसमें राज्यों को गेहूं और धान पर बोनस भुगतान समाप्त करने के लिए कहा गया है। भारत और अमेरिका ने इस महीने की शुरुआत में एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए एक रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की, जिसके तहत वाशिंगटन टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर करने और उसे लागू करने के लिए इस रूपरेखा को कानूनी दस्तावेज में परिवर्तित करना होगा। एसकेएम ने चारों श्रम कानूनों और वीबीजीआरएएमजी अधिनियम को निरस्त करने और अब निरस्त हो चुके महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को बहाल करने की भी मांग की। संविधान के तहत कृषि को राज्य का विषय बताते हुए एसकेएम ने कहा कि राज्यों को सभी फसलों के लिए 2+50 प्रतिशत पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने और सुनिश्चित खरीद के लिए कानून बनाने चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीणों पर कर्ज और किसान आत्महत्याओं से निपटने के लिए व्यापक ऋण माफी देनी चाहिए।

चीन ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान से युद्धविराम की अपील की

बीजिंग(वार्ता)। चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हिंसक झड़पों को लेकर बहुत चिंतित है और उसने दोनों देशों से युद्धविराम के लिए बातचीत की है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा राजधानी काबुल सहित अफगानिस्तान के बड़े शहरों पर बमबारी के बाद संघर्ष के बढ़ने पर बहुत चिंतित है। चीन ने दोनों पक्षों से शांत रहने और संयम बरतने की अपील करते हुए कहा है कि जितनी जल्दी हो सके युद्धविराम और खून-खराबा से बचा जाना चाहिए।

अमेरिकी कोर्ट ने इमिग्रेशन डिटेंशन में रखे गए भारतीयों को दी राहत

नई दिल्ली। अमेरिका में कई अदालतों ने इस सप्ताह इमिग्रेशन डिटेंशन में रखे गए कई भारतीय नागरिकों के लिए बॉन्ड सुनवाई या तत्काल रिहाई का आदेश दिया है। ये आदेश कैलिफोर्निया, मिशिगन, न्यूयॉर्क और ओक्लाहोमा की जिला अदालतों से आए। न्यायाधीशों ने कहा कि इमिग्रेशन अधिकारियों ने या तो गलत डिटेंशन कानून लागू किया या पर्याप्त विधिक प्रक्रिया नहीं की। कैलिफोर्निया में सैन डिएगो अदालत ने हरबीत सिंह की ओर से दायर याचिका मंजूर की और सात दिनों के भीतर 'व्यक्तिगत बॉन्ड सुनवाई' कराने का आदेश दिया। न्यायाधीश ने आदेश दिया कि बिना बॉन्ड सुनवाई के लंबी हिरासत 'अनुचित है और विधिक प्रक्रिया का उल्लंघन है।' सरकार को स्पष्ट और ठोस साक्ष्य से यह साबित करना होगा कि उससे फरार होने का जोखिम है या समुदाय के लिए खतरा है। मिशिगन में वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट की एक अदालत ने सागर राम को सशर्त राहत दी। अदालत ने पांच कार्यदिवसों के भीतर धारा 1226(ए) के तहत बॉन्ड सुनवाई कराने या तत्काल रिहाई का आदेश दिया। न्यायाधीश ने सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि जरूरी डिटेंशन लागू होता है। ओक्लाहोमा में, एक अदालत ने करनदीप सिंह के मामले में इसी तरह का फैसला दिया। न्यायाधीश ने कहा कि उनकी हिरासत धारा 1226(ए) के अंतर्गत आती है, जो बॉन्ड की अनुमति देती है, न कि धारा 1225(बी)(2) के अनिवार्य हिरासत प्रावधान के तहत। अदालत ने तुरंत बॉन्ड सुनवाई का आदेश दिया।

हर सुधार और आवंटन विकसित भारत की दिशा में कदम : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्ट-बजट के पहले वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का हर सुधार और हर बजटीय आवंटन 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए, बजट के बाद हर साल होने वाले ये वेबिनार बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि नीतिगत फैसलों का मकसद दीर्घकालिक विकास को गति देना और देश को विकसित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था ने अभूतपूर्व मजबूती और लचीला रुख दिखाया है। उनके अनुसार, इस अवधि में सरकार ने दृढ़ संकल्प के साथ कई संरचनात्मक और नीतिगत सुधार लागू किए, जिससे आर्थिक ढांचे को मजबूती मिली। पीएम मोदी ने कहा कि रिफॉर्म एक्सप्रेस को बनाए रखने के लिए केवल नीतियों के इरादे पर नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। सुधारों का आकलन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए और पारदर्शिता, गति व जवाबदेही बढ़ाने के लिए एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के साथ शिकायत निवारण प्रणाली का उपयोग जरूरी है। मोदी ने कहा कि सरकार की कोशिश व्यवस्था को अधिक पूर्वानुमानित और निवेशकों के अनुकूल बनाने की है। उन्होंने कहा कि बॉन्ड मार्केट सुधारों को दीर्घकालिक आर्थिक सुधारों के सक्षम साधन के रूप में देखा जाना चाहिए। साथ ही, पीएम मोदी ने सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों और शिक्षाविदों के बीच एक स्पष्ट रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर बनाने का सुझाव दिया।

पूंजीगत व्यय में हुए बड़े बदलाव: पीएम

प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में बड़े बदलाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि 11 वर्ष पहले जहां यह करीब 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं मौजूदा बजट में यह बढ़कर लगभग 12 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का इतना बड़ा निवेश निजी क्षेत्र के लिए स्पष्ट संदेश है कि अब उद्योग और वित्तीय संस्थान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने उभरते क्षेत्रों में वित्तपोषण के नए मॉडल और मजबूत सहयोग की जरूरत पर बल दिया व परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ोतरी रोकने के लिए परियोजना स्वीकृति प्रक्रिया और मूल्यांकन की गुणवत्ता मजबूत करने की सलाह दी।

नीति-निर्माण नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी

'टेक्नोलॉजी, रिफॉर्म्स एंड फाइनेंस फॉर विकसित भारत' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सुधारों की रफ्तार बनाए रखने के लिए सिर्फ नीति-निर्माण नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि सुधारों का मूल्यांकन केवल उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए।

युद्धपोत अंजदीप के शामिल होने से बढ़ी नौसेना की ताकत

चेन्नई। भारतीय नौसेना की समंदर में ताकत बढ़ चुकी है। नौसेना को एक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अंजदीप मिल गया है। उथले पानी में काम करने की क्षमता वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों की श्रृंखला का यह तीसरा युद्धपोत 27 फरवरी को चेन्नई में नौसेना में शामिल किया गया। इस समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। यह जहाज कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया है।

यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली से लैस है। चेन्नई बंदरगाह पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह में एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से जहाज को कमीशन किया। 77 मीटर लंबे इस जहाज में एक हाई-स्पीड वाटर-जेट प्रोपल्शन सिस्टम लगा है, जो इसे त्वरित प्रतिक्रिया और निरंतर संचालन के लिए 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

किस पर रखा गया युद्धपोत का नाम अंजदीप?

अंजदीप नाम कर्नाटक के कारवार तट के पास स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है। यह युद्धपोत 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ बना है। इससे देश की रक्षा निर्माण क्षमता को बल मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। अंजदीप नौसेना के इसी नाम वाले पुराने युद्धपोत का नया अवतार है। पुराना युद्धपोत 2003 में रिटायर हो गया था।

गलत मतलब न निकालें जाएं, इस डर से मजाक भी नहीं कर रहे नेता: फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को भाषणों में हास्य के घटते स्तर पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे भाषणों का आनंद फीका पड़ रहा है, क्योंकि लोग अब गलत व्याख्या से बचने के लिए सावधानी बरत रहे हैं। फडणवीस विधान भवन में मराठी भाषा गौरव दिवस समारोह में बोल रहे थे। राज्य सरकार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि वी.वी. शिरवाडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मराठी भाषा गौरव दिवस मनाती है, जो कुसुमाग्रज उपनाम से लिखते थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि, जब हास्य को कभी-कभी किसी की पहचान से जोड़ा जाता है। संदर्भ से बाहर ले जाया जाता है, तो यह अपनी चमक खो देता है। लोग अब हास्य का प्रयोग अत्यंत सावधानी से करने लगे हैं। हास्य से भरपूर भाषण से मिलने वाला आनंद अब काफी कम हो गया है। मराठी की विरासत पर प्रकाश डालते हुए, फडणवीस ने कहा कि इस भाषा ने समाज और शासन में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा, ÷मराठी भाषा ने हमें बहुत कुछ दिया है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने राज्य की आधिकारिक भाषा के लिए एक शब्दकोश बनाया था। उन्होंने अन्य भाषाओं के शब्दों को हटाकर उनकी जगह स्थानीय शब्दों को शामिल किया था।

बंगाल एसआईआर पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट, कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल

सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से कहा, 'चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं।'

एयरस्ट्राइक के बाद अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ा तनाव

नई दिल्ली। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव तेजी से बढ़ गया है। पाकिस्तान द्वारा कथित तौर पर आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर की गई एयरस्ट्राइक के बाद अब अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने जवाबी सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते लगभग 48 घंटों से दोनों देशों के बीच छिटपुट गोलीबारी जारी थी, जो अब भारी हथियारों के इस्तेमाल तक पहुंच गई है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता ज़बिहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि आम नागरिकों की मौत के जवाब

में अफगान सेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों और चौकियों को निशाना बनाया है। उनके अनुसार, अफगान बल मल्टी-बैरेल रॉकेट लॉन्चर, टैंक, आर्टिलरी और मोर्टार का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। तनाव की शुरुआत 22 फरवरी को हुई, जब पाकिस्तानी सेना के लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के खोग्यानी और गनी खेल जिलों तथा पक्तिका प्रांत के बेरमल और अर्गुन क्षेत्रों में हवाई हमले किए। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इन हमलों में एक ही परिवार के 16 नागरिकों की मौत हुई। पाकिस्तान का कहना था कि कार्रवाई आतंकवादी ठिकानों के खिलाफथी, जबकि तालिबान प्रशासन ने इसे नागरिकों पर हमला बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई थी और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

पाकिस्तान की 15 चौकियों पर कब्जे का किया दावा

तालिबान प्रवक्ता ने दावा किया है कि नंगरहार-खैबर और कुनार-बाजौर सीमाई इलाकों में हमले किए गए, जिनमें पाकिस्तान की 15 चौकियों पर कब्जा कर लिया गया है। नंगरहार सीमा के पास दो, गोश्ता क्षेत्र के समीप तीन और कुनार सीमा पर दो चौकियों पर अफगान बलों की मौजूदगी का दावा किया गया है। साथ ही कई पाकिस्तानी सैनिकों के हताहत होने की बात भी कही गई है।

क्षेत्रीय स्थिरता पर असर की आशंका

सीमा पर बढ़ते सैन्य टकराव से क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता गहरा गई है। दोनों देशों के बीच पहले भी सीमा पार गतिविधियों और उग्रवादी संगठनों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप होते रहे हैं। मौजूदा हालात में यदि तनाव कम नहीं हुआ, तो यह संघर्ष व्यापक रूप ले सकता है।

सैमसंग इंडिया ने लॉन्च की सबसे एडवांस्ड एआई फोन सीरीज गैलेक्सी एएस-26

गुरुग्राम। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी बहुप्रतीक्षितगैलेक्सी स26 सीरीज़ आज से भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है। गैलेक्सी स26 अल्ट्रा, गैलेक्सी स26+ और गैलेक्सी स26 अब तक का सबसे आसान और नैचुरल 'एजेंटिक एआई' मोबाइल अनुभव देते हैं। चाहे बात प्लानिंग की हो, जानकारी खोजने की या फिर कंटेंट को कैप्चर और एडिट करने की–गैलेक्सी स26 सीरीज़ हर काम को इतना आसान बना देती है कि यूजर्स को तकनीक की बारीकियों के बजाय सिर्फबेहतरीन नतीजों पर ध्यान देना होता है।

गैलेक्सी स26 सीरीज़ को सैमसंग की सबसे बेहतरीन खूबियों–दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई–को मिलाकर तैयार किया गया है। यह तालमेल गैलेक्सी स26 यूजर्स को सुरक्षा या प्राइवेसी से समझौता किए बिना पूरे दिन बेधड़क अपने फोन पर निर्भर रहने का भरोसा देता है। डिस्प्ले तकनीक में दशकों के नवाचार को आगे बढ़ाते हुए, सैमसंग ने गैलेक्सी स26 अल्ट्रा के साथ मोबाइल इंडस्ट्री का पहला इन-बिल्ट प्राइवेसी डिस्प्ले पेश किया है। यह पिक्सेल लेवल पर प्राइवेसी के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। गैलेक्सी स26 अल्ट्रा में कस्टमाइज्ड चिपसेट और पहले से बेहतर थर्मल मैनेजमेंट भी दिया गया है, जो॰द्व को और भी तेज और शक्तिशाली बनाता है - और यह सब अब तक के सबसे स्लिम (7.9 मिमी) अल्ट्रा डिज़ाइन में समाहित है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ, जेबी पार्क ने कहा, ÷गैलेक्सी स26 सीरीज़ को इस तरह बनाया गया है कि यह लोगों की जीवनशैली और काम करने के तरीके को गहराई से समझ सके।

भारत-पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल मुमकिन, जानें कुछ पॉइंट में पूरा गणित

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सेमीफाइनल की रेस रोमांचक हो गई है। सुपर-8 में 4 मैच बाकी हैं और 2 जगह के लिए चार टीमें रेस में हैं। सुपर-8 के ग्रुप-2 से इंग्लैंड और ग्रुप-1 से साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ग्रुप-1 से भारत और वेस्टइंडीज में सेमीफाइनल में पहुंचने की होड़ है। दोनों टीमों के बीच रविवार को मैच होगा। यह मैच जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में होगी। वहीं ग्रुप-2 से पाकिस्तान और न्यूजीलैंड सेमीफाइनल की रेस में हैं।

भारत-पाकिस्तान सेमीफाइनल कैसे हो सकते है

यदि पाकिस्तान बड़े अंतर से श्रीलंका को हरा देता है तो उसके तीन अंक हो जाएंगे और उसका नेट रनरेट भी न्यूजीलैंड की टीम से बेहतर हो जाएगा।

एक मार्च को जिम्बाब्वे अच्छे-खासे अंतर से साउथ अफ्रीका के खिलाफजीत हासिल करे तो उससे सिकंदर रजा की टीम का कोई फायदा तो नहीं होगा, लेकिन साउथ अफ्रीका का नेट रनरेट 2.89 से जरूर गिर जाएगा।

एक मार्च को ही कोलकाता में भारत बनाम वेस्टइंडीज मैच है। उस मैच में भारत यदि वेस्टइंडीज को हराता है तो टीम इंडिया का रनरेट + में पहुंच जाएगा और एक से ज्यादा हो जाएगा।

इस तरह वह ग्रुप 1 की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

फिल्म 'अस्सी' को मिल रही जबर्दस्त प्रशंसा

मुंबई। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफकर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़' से लेकर 'अस्सी' तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है।

केरल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने फिल्म रिलीज पर लगी रोक हटाई

मुंबई। शुक्रवार को केरल हाईकोर्ट ने फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स को राहत दी है। कुछ दिन पहले केरल हाईकोर्ट की सिंगल जज की बेंच ने फिल्म पर 15 दिन की रोक लगाई थी, यह आदेश जिस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने दिया था। लेकिन गुरुवार को डिवीजन बेंच ने फिल्म पर लगी रोक को हटा दिया है।

यह आदेश केरल हाईकोर्ट के जस्टिस एसए धर्माधिकारी और पीवी बालकृष्णन की डिवीजन बेंच ने जारी किया है। अब 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स अपनी फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज कर सकते हैं। विवादों में घिरी फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज पर केरल हाईकोर्ट ने 15 दिन की रोक लगा दी थी। लेकिन बाद में केरल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल जज का आदेश पलट दिया। सेंसर बोर्ड को दोबारा फिल्म देखने का निर्देश दिया। लेकिन इस स्थिति में भी फिल्म की रिलीज पर संशय बना रहा। इसी बीच खबर सामने आई है कि 'द केरल स्टोरी 2' के टिकट के पैसे रिफंड किए जा रहे हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका दायर करने से इंकार किया है। अब डिवीजन बेंच ने फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' पर लगी रोक भी हटा दी है। फिल्म को अब रिलीज किया जा सकता है।

ट्रेनों में लंबी वेटिंग के बीच एमपी में बस हड़ताल: परमिट नीति का विरोध

होली से ठीक पहले 20 हजार बसों के थम जाएंगे पहिए

भोपाल/नवप्रदेश। होली के त्योहार के चलते ट्रेनों में पहले से लंबी वेटिंग की स्थिति बनी हुई है। कई प्रमुख रूटों पर कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय 2 मार्च को प्रस्तावित बस हड़ताल ने यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है।प्रदेशभर में करीब 20 हजार बसें बंद रहेंगी, जबकि सामान्य दिनों में 12 से 15 हजार बसों का संचालन होता है। यानी एक दिन के लिए लगभग पूरा निजी बस परिवहन ठप रहेगा। मध्य प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने कहा कि परिवहन विभाग की दमनकारी नीतियों के विरोध में मजबूर होकर बस मालिकों को हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। बता दें कि मध्य प्रदेश के 55 जिलों में 2 मार्च यानी होली से ठीक 2 दिन पहले बसों की हड़ताल होगी। इसमें प्रदेश की 20 हजार बसें शामिल होंगी। मध्य प्रदेश बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के मुताबिक, प्रदेश में 12 हजार 780 परमिट वाली जबकि 7 हजार से अधिक कॉन्ट्रैक्ट वाली बसें हैं।

निजी कंपनियों को व्यापार देने की तैयारी

जय कुमार जैन ने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग मार्गों का राष्ट्रीयकरण कर निजी कंपनियों के हाथ में बस संचालन का व्यापार देना चाहता है। योजना के तहत कंपनियों से अनुबंध कर बस मालिकों से किराया लेकर गाड़ियां चलवाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि मोटर व्हीकल कानून में परमिट को किराए पर देकर संचालन कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इसके विरोध में एसोसिएशन ने विस्तृत प्रेस नोट जारी किया है, जिसमें सभी आपत्तियां दर्ज हैं।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस हड़ताल में किसी एक वर्ग की नहीं, बल्कि सभी निजी बस ऑपरेटरों की भागीदारी रहेगी। इसमें कई कांग्रेस और बीजेपी से जुड़े नेताओं की बसें भी शामिल हैं।उनका कहना है कि यह राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि व्यवसाय और परिवहन नीति से जुड़ा सवाल है।

VLT (व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग) एक जीपीएस आधारित ट्रैकिंग प्रणाली है, जो बस की लोकेशन, गति औ र रूट की जानकारी ऑनलाइन सर्वर से जोड़ती है। इसका उद्देश्य सुरक्षा और निगरानी है, लेकिन ऑपरेटरों का आरोप है कि तकनीकी खामियों और ठेकेदार व्यवस्था के कारण उन्हें बार-बार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

यात्रियों पर सीधा असर

होली के दौरान गांव से शहर और शहर से गांव जाने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग के बीच बसें ही सबसे बड़ा विकल्प होती हैं।

न्यूज गैलरी

पुलिस मुख्यालय परिवार द्वारा चार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

विशेष पुलिस महानिदेशक ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए

भोपाल/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से माह फरवरी में सेवानिवृत्त चार कर्मचारियों को विशेष पुलिस महानिदेशक श्री अनिल कुमार ने शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को प्लांट एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गये। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री विवेक शर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री तरूण नायक, श्रीमती किरणलता केरकेट्टा एवं अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त कार्यवाहक निरीक्षक पीटीआरआई श्री उत्तम सिंह जाटव, स.उ.नि. महिला सुरक्षा शाखा श्री वचन सिंह, कार्यवाहक स.उ.नि. विशेष शाखा श्री भंवर लाल पंवार तथा प्रधान आरक्षक अ.अ.वि. शाखा श्री वीरभान सिंह को पुलिस मुख्यालय परिवार ने शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी। सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुश्री इरमीन शाह ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों की मेहनत और लगन की सराहना की।

परामर्शदात्री समिति की बैठक में प्राप्त सुझावों पर किया जायेगा अमल : ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल/नवप्रदेश। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर अधिकारी 5 दिवस में रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर अमल में लाने के प्रयास किये जायेंगे। श्री तोमर ने कहा मध्यप्रदेश में पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। उद्योगों से लेकर किसानों तक सभी को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। बैठक में समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में जंगली जानवरों से खतरे के मद्देनजर सिंचाई के लिये दिन में ही विद्युत आपूर्ति करने पर विचार किया जाये। इस दौरान सचिव श्री विशेष ग?पाले ने विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की हानियां वर्ष 2024-25 में 2.60 प्रतिशत रहीं, जो न्यूनतम में से एक है। अमरकंटक विद्युत गृह द्वारा कंपनी के इतिहास में अब तक सर्वाधिक 512 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन किया गया। बिजली कंपनियों की उपभोक्ता सेवाओं में सुधार के लिये लगभग 52 हजार स्थायी पदों का सृजन किया गया है। भर्ती प्रक्रिया चालू कर दी गई है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान अंतर्गत जनजातीय समुदाय के 26 हजार 909 घरों को विद्युतीकृत किया गया है। स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से प्री-पेड उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 25 पैसे प्रति यूनिट की छूट दी जा रही है। उन्होंने विभिन्न नवाचारों के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में समिति के सदस्य विधायक श्री यादवेन्द्र सिंह, श्री गौरव सिंह पारधी, श्री ठाकुर दास नागवंशी, श्री घनश्याम चंद्रवंशी और श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल एवं अधिकारी उपस्थित थे।

शराब के नशे में सीढ़ियों से गिरा युवक, मौत : जॉब छूटने के बाद से तनाव में था

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के छोला मंदिर इलाके में दूसरी मंजिल की सीढ़ियों से गिरकर युवक की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात हुआ। युवक शराब के नशे में धुत्त होकर घर पहुंचा था। दो महीने पहले उसकी नौकरी चली गई थी। इससे वह तनाव में रहने लगा था। लगातार प्रयासों के बाद भी दूसरी नौकरी नहीं

'सिंहस्थ 2028' एवं उभरती सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहें युवा अधिकारी

डीजीपी कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह आयोजित

बदलते पुलिसिंग परिदृश्य में तकनीक और साइबर दक्षता की आवश्यकता : डीजीपी

पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि उत्तरदायित्वपूर्ण सेवा

भोपाल/नवप्रदेश। भौंरी स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को मध्यप्रदेश पुलिस के 43 वे बैच के 17 परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मध्यप्रदेश पुलिस के महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने बतौर मुख्य अतिथि सलामी ली। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने सभी प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अधिकारियों को निरंतर साइबर फील्ड में अपनी स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देना होगा तथा तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग में दक्ष बनना होगा। मकवाणा ने 'सिंहस्थ 2028' के परिप्रेक्ष्य में आने वाली संभावित सुरक्षा, साइबर एवं संगठित अपराध संबंधी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अधिकारियों से आह्वान किया कि वे भविष्य की परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को तैयार रखें तथा बदलते अपराध परिदृश्य के प्रति सजग एवं सक्षम बनें। उन्होंने कहा कि आज धार्मिक आयोजन से संबंधित या सामुदायिक मुद्दे तथा कानून-व्यवस्था से जुड़ा कोई भी विषय हो, सोशल मीडिया के माध्यम से तुरंत व्यापक रूप ले लेता है। जनता की अपेक्षा रहती है कि पुलिस द्वारा तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। अतः प्रत्येक अधिकारी को अपने चरित्र, अनुशासन और निर्णय क्षमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि ÷सेवा काल में की गई एक छोटी सी लापरवाही भी पूरे जीवन पर दाग बन सकती है, इसलिए नियमों के अनुरूप ही कार्य करें।÷ सोशल मीडिया की सक्रियता के इस दौर में छोटी सी घटना भी वायरल हो सकती है, इसलिए सजगता, संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया अत्यंत आवश्यक है।

डीजीपी ने कहा कि एक अधिकारी में संवेदनशीलता, सुनने की क्षमता तथा तकनीक के प्रभावी उपयोग की योग्यता होनी चाहिए। प्रत्येक अधिकारी को सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखते हुए स्वयं को समयानुकूल निरंतर विकसित करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मादक पदार्थों की समस्या एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आई है, जिसे नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक है। यह केवल अपराध का विषय नहीं, बल्कि समाज और युवाओं के भविष्य से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। जिस प्रकार संगठित प्रयासों और दृढ़ संकल्प से नक्सल प्रभाव को समाप्त करने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है, उसी प्रकार नारकोटिक्स के विरुद्ध भी सुनियोजित रणनीति, कड़ी कार्रवाई और सतत अभियान चलाकर इसे जड़ से समाप्त करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अपने 37 साल की पुलिस सेवा के अनुभव से सभी को अवगत कराते हुए बताया कि यदि आप अच्छा कार्य करेंगे वो कहीं न कहीं अच्छे कर्म आपकी सहायता करते ही हैं, अतः आप ईमानदारी एवं पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से अपने कार्य को करते हुए एक कुशल पुलिस अधिकारी एवं एक अच्छे नागरिक बनें जिससे कि पुलिस विभाग एवं आपके परिजनों को गर्व की अनुभूति हो। डीजीपी श्री मकवाणा ने अधिकारियों से कहा कि वे अपनी वर्दी पर गर्व करें तथा गरीब, पीड़ित, भयभीत और असहाय लोगों की सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। दूसरों की सहायता करने में ही वास्तविक आनंद है। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि उत्तरदायित्वपूर्ण सेवा है। इस मार्ग में चुनौतियाँ आएँगी, किन्तु निराश हुए बिना दृढ़ निश्चय, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना ही सफलता का मूल मंत्र है। अधिकारियों को सदैव एक अच्छा एवं संवेदनशील इंसान बने रहने का प्रयास करना चाहिए।

रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण कार्यों की उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की समीक्षा

भोपाल/नवप्रदेश। रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में विमानन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि रीवा से रायपुर एवं कोलकाता के लिए नई हवाई सेवाएं प्रारंभ करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि उड़ान सेवाएं जल्द से जल्द प्रारंभ की जा सकें। साथ ही, रीवा-इंदौर-रीवा एवं रीवा-दिल्ली-रीवा उड़ानों को प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश भी उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन मार्गों पर नियमित और सतत विमानन सेवाओं के संचालन के लिए प्रोत्साहन आवश्यक है।

बैठक में बताया गया कि विमानन विभाग द्वारा जारी निविदा के अंतर्गत नवीन हवाई रूट्स के लिए विभिन्न शिड्यूल्ड ऑपरेटर्स द्वारा 20 हवाई मार्गों पर विमानन सेवाएं संचालित करने हेतु अभिरुचि व्यक्त की गई है। प्राप्त बिड्स का तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण वर्तमान में प्रगति पर है, ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र निर्णय लिया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रस्तावित हवाई सेवाओं से रीवा सहित पूरे प्रदेश में औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्रीय संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा।

चिकित्सकों के प्रमोशन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही के दिए निर्देश

बैठक में चिकित्सकों के प्रमोशन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस विषय में शीघ्र निर्णय लेकर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिल सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव, विमानन एवं सामान्य प्रशासन श्री संजय कुमार शुक्ल, अपर सचिव सामान्य प्रशासन श्री अजय कटेसरिया और उप सचिव, विमानन श्री कैलाश बुंदेला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

गौकाष्ठ, उपलों से होलिका दहन के लिए सरकार के निर्देश

कलेक्टर होली के बाद तीन दिन में देंगे सरकार को रिपोर्ट, प्रोत्साहित करने का भी दावा

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश में होलिका दहन में गौकाष्ठ और उपलों के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ सरकार ने कलेक्टरों से इसकी रिपोर्ट भी मांगी है। जिसमें पूछा गया है कि कितने क्षेत्रों में गौकाष्ठ और उपलों का उपयोग किया है। कलेक्टर इस रिपोर्ट का सत्यापन कर राज्य शासन को भेजेंगे। यह भी कहा है कि अगर कहीं प्रोत्साहन की स्थिति बनी तो ऐसा करने वालों को प्रोत्साहित करने का काम सरकार करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग (GAD) ने होली पर्व पर पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सभी संभागायुक्तों और कलेक्टरों को गोबर आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा है कि शासन ने इस वर्ष होली के अवसर पर लकड़ी के स्थान पर गोबर के उपलों से होलिका दहन करने का निर्णय लिया है ताकि लकड़ी की खपत कम हो और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। ऐसा करके प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा भी करना है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्राकृतिक रंगों से होली मनाएं और जल संरक्षण का भी ध्यान रखें। निर्देशों में कहा गया है कि होलिका दहन के अगले तीन दिनों के भीतर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को देंगे। कलेक्टर गोबर आधारित होलिका दहन आयोजनों का सत्यापन करेंगे। आगामी दिनों में जिला स्तर पर सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं और पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि इन संस्थाओं को किसी अन्य प्रकार का प्रोत्साहन या सहयोग दिया जाता है तो इसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा।

अनूपपुर के डायल-112 हीरोज: त्वरित राहत से बचीं जिंदगियाँ

भोपाल/नवप्रदेश। डायल-112 आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित राहत कार्य का विश्वसनीय माध्यम है। अनूपपुर जिले में यात्री बस के पलटने की घटना में डायल-112 जवानों ने तत्परता, साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए घायलों को समय पर अस्पताल पहुँचाकर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। दिनांक 26 फरवरी को अनूपपुर जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चचाई रोड पर एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने की सूचना डायल-112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना में लगभग 15 यात्रियों के घायल होने की जानकारी दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात दो डायल-112 एफआरव्ही वाहनों को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक श्री प्रकाश, आरक्षक श्री राहुल तिवारी, पायलट श्री लवकुश एवं पायलट श्री रामकृष्ण प्यासी ने पाया कि यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिससे कई यात्री घायल हो

कोहेफिजा में 35, खानूगांव में 3-हलालपुरा में 7 निर्माण मिले

भोपाल के बड़ा तालाब किनारे कब्जा; होली के बाद हटाए जाएंगे

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के बड़ा तालाब किनारे स्थित खानूगांव में 3, कोहेफिजा में 35 और हलालपुरा क्षेत्र में कुल 7 कच्चे-पक्के निर्माण मिले हैं। 3 दिन में इन पर राजस्व विभाग की टीम ने 'लाल' निशान बनाए हैं। वहीं, शुक्रवार को टीटी नगर एसडीएम ऑफिस से भी टीम ने तालाब के कैचमेंट एरिया में सर्वे किया। यहां भी बड़ी संख्या में निर्माण पाए गए। इन्हें हटाने की कार्रवाई होली के बाद होगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैठक लेकर अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैरागढ़ वृत्त की टीम ने शुक्रवार को खानूगांव पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां बड़ा तालाब किनारे ही कई निर्माण मिले हैं। प्रशासन के इस सर्वे से कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। कई लोग मौके पर इकट्ठा भी हो गए। इससे पहले वीआईपी रोड,

करबला और लालघाटी इलाके में अवैध निर्माण मिले हैं। वेटलैंड को लेकर कलेक्टर सिंह ने शुक्रवार को बैठक भी ली। इसमें कलेक्टर ने साफ शब्दों में कहा कि होली से पहले सीमांकन का काम पूरा कर लिया जाए। वहीं, होली के तुरंत बाद ही कब्जों को हटाने की कार्रवाई हो।

टीटी नगर की टीम तैयार, भदभदा में कार्रवाई की

इधर, टीटी नगर की टीम तैयार हो गई है। राजस्व, वन, पुलिस विभाग और इप्को की संयुक्त टीम ने शुक्रवार से सर्वे का काम शुरू किया है।

बता दें कि बड़ा तालाब का बीते दस साल में 3 बार सर्वे हो चुका है। इनमें बड़ी संख्या में अतिक्रमण सामने आए, लेकिन सर्वे रिपोर्ट का आज तक पता नहीं है। इस वजह से बैरागढ़, खानूगांव, सूरज नगर, गौरागांव, बिसनखेड़ी समेत कई जगहों पर अतिक्रमण हुए। कई मैरिज गार्डन, फार्म हाउस, स्कूल-कॉलेज, घरों की सीमाएं बड़ा तालाब में हैं।

एक्सपर्ट राशिद नूर की मानें तो शहरी सीमा में 50 मीटर और ग्रामीण सीमा में 250 मीटर के दायरे में कोई निर्माण नहीं होना चाहिए, लेकिन एफटीएल मुनार से सटकर ही पक्के निर्माण बन गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।